झारखण्ड देखो

# Jharkhand Dekho

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ



Digital Edition

www.jharkhanddekho.com • वर्ष 01 • अंक 279 • पृष्ठ 6 • मंगलवार 19 अक्टूबर 2021 Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com







## संक्षिप्त समाचार

### मेरे कार्यकाल में 50-100 किमी. की सीमा तक नहीं घुस सकते थे आतंकी: सत्यपाल मलिक

**नई दिल्ली।** सत्यपाल मलिक ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल के रूप में मेरे कार्यकाल के दौरान, श्रीनगर की 50-100 किलोमीटर की सीमा में कोई भी आतंकवादी प्रवेश नहीं कर सका। लेकिन अब श्रीनगर में आतंकी गरीबों की हत्या कर रहे हैं जो कि वास्तव में दुखद है। कश्मीर में लगातार हो रहे आतंकवादी हमले पर मेघालय के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल के रूप में मेरे कार्यकाल के दौरान, श्रीनगर की 50-100 किलोमीटर की सीमा में कोई भी आतंकवादी प्रवेश नहीं कर सका। लेकिन अब श्रीनगर में आतंकी गरीबों की हत्या कर रहे हैं जो कि वास्तव में दुखद है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों की कमर तोड़ने के लिए और भी सख्त कदम उठाने होंगे। इसके लिए चप्पे-चप्पे पर निगरानी की आवश्यकता है।

## सुविचार

दो की दोस्ती में एक का धर्य जरुरी है

● **-अज्ञात**

## बिज़नेस

**बीएसई सेंसेक्स**

60,059.06+381.23 (0.64%)

**निफ्टी 50**

17,895.20+104.85 (0.59%)

## दैनिक पंचांग

| | |
|---|---|
| वार | मंगलवार |
| सूर्योदय | 06:18 AM |
| सूर्यास्त | 17:50 PM |
| चन्द्रोदय | 14:22 PM |
| चन्द्रास्त | 25:03 AM |
| पक्ष | शुक्लपक्ष |
| तिथि | त्रयोदशी |
| नक्षत्र | पूर्वाभाद्रपद |
| सूर्य राशि | कन्या |
| चंद्र राशि | कुंभ राशि में |
| राहुकाल | राहुकाल 10:42 AM से 12:08 PM |

## किसानों रेल रोको आंदोलन

# दिखा असर देशभर में 150 जगहों पर, प्रभावित हुई 50 ट्रेनें, यात्रियों को हलकान

**नोएडा/एजेंसी।**

संयुक्त किसान मोर्चा का देशव्यापी रेल रोको आंदोलन जारी है। देशभर में रेल रोको आंदोलन का 150 जगहों पर असर देखा जा रहा है। जबकि 50 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। किसानों के आंदोलन से यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। वहीं, यूपी के अउऋ(कानून व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने कहा है कि कहीं भी रेल यातायात बाधित नहीं है। यूपी के हापुड़ में किसानों और पुलिस अधिकारियों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई है।



### ● किसानों ने नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे को किया जाम

किसान संगठनों के देशव्यापी आ''ान पर किसानों ने नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे को किसानों ने जाम लगा दिया, नोएडा जाने वाली सड़क पर लंबा जाम लग गया। किसानों का काफिला नोएडा की तरफ़ रवाना हो गया है।

### ● दिल्ली: बिजवासन में रेल रोकने का प्रयास

दिल्ली के बिजवासन में 10 से 12 किसान रेल रोकने का प्रयास कर रहे थे। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने किसानों को हिरासत में ले लिया, किसानों को द्वारका सेक्टर 23 के थाने में लाया गया है।

### ● कहीं भी रेल यातायात बाधित नहीं: प्रशांत कुमार

उत्तर प्रदेश के अउऋ(कानून व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने कहीं भी रेल यातायात बाधित नहीं है, कुछ जगहों पर जब ट्रेन नहीं जा रही थी तो किसानों ने प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया। एतियातन लगभग 160 कंपनी पीएससी और 9 कंपनी पैरामिलेट्री लगाई गई हैं। महत्वपूर्ण और संवेदनशील ज़िलों में बाहर से भी अधिकारी भेजे गए हैं जो लगातार किसान संगठनों और अन्य नेताओं से बात कर रहे हैं।

### ● किसान आंदोलन के कारण कई जगह रेल यातायात प्रभावित

किसान आंदोलन के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर भिवानी-रेवाड़ी, सिरसा-रेवाड़ी, लोहारू-हिसार, सूरतगढ़-बठिंडा, सिरसा-बठिंडा हनुमानगढ़-बठिंडा, रोहतक-भिवानी, रेवाड़ी-सादुलपुर, हिसार-बठिंडा, हनुमानगढ़-सादुलपुर तथा श्रीगंगानगर- रेवाड़ी रेलखंडों के बीच रेल यातायात प्रभावित हुआ है।

### ● किसान आंदोलन के कारण लगभग 50 ट्रेनें प्रभावित

उत्तर रेलवे के सीपीआरओ ने बताया कि पंजाब और हरियाणा में किसानों के आंदोलन के कारण लगभग 50 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं, जबकि 130 स्थानों पर असर है। आंदोलन के कारण पंजाब और हरियाणा में लगभग 130 स्थानों पर रेल सेवा प्रभावित हुई। फिरोजपुर से अंबाला खंड में लगभग 50 ट्रेनें प्रभावित हुईं। यूपी में मुरादाबाद से लखनऊ खंड पर रेल यातायात सामान्य है।

### ● किसानों ने रामपुर के बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर रोकी गरीब रथ एक्सप्रेस

उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के बिलासपुर में कृषि कानूनों और लखीमपुर खीरी की घटना के विरोध में गुस्साए किसानों ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर जम्मूतवी-काठगोदाम (गरीब रथ एक्सप्रेस) को निर्धारित समय से करीब आठ मिनट अधिक समय तक रोके रखा। ट्रेन का दो मिनट का स्टॉपेज है लेकिन, किसानों के प्रदर्शन के दौरान करीब दस मिनट तक ट्रेन रूकी रही। इसके बाद पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने समझा-बुझाकर किसानों को ट्रेन से उतार दिया

## दीवाली टिप्स को लेकर विराट कोहली पर, भड़के फैंस ने किया ट्रोल

**एजेंसी।**

टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली ने अपने फैंस और चाहने वालों के लिए ट्विटर पर दीवाली को लेकर एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में टीम इंडिया के कप्तान कहते हैं कि यह साल भारत और दुनियाभर के लोगों के लिए बहुत ही मुश्किल भरा रहा है।

सभी दीवाली का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जैसे-जैसे ये त्योहार नजदीक आ रहा है। मैं आपके परिवार और दोस्तों को सार्थक दीवाली मनाने और उसका आनंद लेने के टिप्स दूंगा। कोहली का ये ट्वीट एक वर्ग को अच्छा नहीं लगा है। उन्हें सोशल मीडिया पर इसको लेकर जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

इस वीडियो के आने के बाद #SunoKohli ट्विटर पर ट्रेंड कर रहा है। लोग तरह-तरह के मीम बनाकर उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। पिछले साल भी कोहली को दीवाली के समय काफी ट्रोल किया गया था। दीवाली पर उन्होंने फैंस को शुभकामनाएं दीं थी और अपने मैसेज में पटाखे न चलाने की अपील भी की थी।


## आवश्यकता



झारखण्ड की उपराजधानी दुमका से संचालित 'झारखण्ड देखो' डिजिटल ईपेपर के लिए झारखण्ड के सभी जिलों से संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है।

संपर्क करें -9955599136








## भाजपा ने घेरा सोनिया-राहुल को:

# कांग्रेस नेता के बयान 'जिन्ना के साथ थे सरदार पटेल' पर बवाल, बोले संबित- यह तो चाटूकारिता की पराकाष्ठा

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

कांग्रेस नेता तारिक हमीद कर्रा के 'जिन्ना के साथ थे सरदार पटेल' वाले बयान पर भाजपा नेता संबित पात्रा ने एक प्रेस वार्ता कर सोनिया गांधी और राहुल गांधी को घेरा। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार की विरासत को किस प्रकार आगे बढ़ाया जाए और चाटूकारिता की पराकाष्ठा किस प्रकार बनाई रखी जाए, यही कांग्रेस का ध्येय है।

कांग्रेस नेता तारिक हमीद कर्रा के 'जिन्ना के साथ थे सरदार पटेल' वाले बयान पर अब भारतीय जनता पार्टी ने हमला बोला है और इसे चाटूकारिता की पराकाष्ठा बताया है। भाजपा नेता संबित पात्रा ने आज इस बयान पर एक प्रेस वार्ता कर सोनिया गांधी और राहुल गांधी को घेरा। उन्होंने कहा कि आज अखबारों में छपा है कि दो दिन पहले हुई कांग्रेस की सीडब्ल्यूसी की बैठक में कश्मीर को लेकर कुछ सवाल उठे थे। बैठक में कश्मीर को लेकर भ्रम का माहौल बनाया गया। इस दौरान ये कहा गया कि सरदार पटेल जिन्ना से मिले हुए



थे और कश्मीर को हिंदुस्तान से अलग रखने की कोशिश कर रहे थे। इतना ही नहीं इस दौरान यह भी कहा गया कि केवल नेहरू की वजह से जम्मू-कश्मीर हिंदुस्तान में शामिल हो पाया। पात्रा ने कहा कि कांग्रेस नेता के इस तरह के विवादित बयान देने का एक ही मकसद है, वह है, गांधी परिवार की विरासत को किस प्रकार आगे बढ़ाया जाए और चाटूकारिता की पराकाष्ठा किस प्रकार बनाई रखी जाए।

### ● परिवार की विरासत को बढ़ाने के लिए किसी को भी बदनाम कर सकती है कांग्रेस

पात्रा ने कहा कि आज ये बात स्पष्ट हो गई है कि अपने परिवार की विरासत को ऊपर रखने के लिए, नेहरू-गांधी राजवंश को ऊपर रखने के लिए चाहे सुभाष चंद्र बोस हो, वीर सावरकर हो या सरदार पटेल हो किसी को भी अपमानित कर सकती है। किसी के नाम पर भ्रम फैलाना हो कांग्रेस पार्टी सब कर सकती है। पात्रा ने कहा कि जब हम सबके आदर्श सरदार पटेल के संबंध में ऐसी बातें कही जा रही थीं, तब क्या बैठक में उपस्थित सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने ये कहा कि ऐसी बातें नहीं कही जानी चाहिए। क्या उस नेता को पार्टी से निलंबित किया गया जिन्होंने इस तरह के विवादित बयान दिए।

### ● जानें क्या है मामला

दरअसल 16 अक्तूबर को होने वाली कांग्रेस की सीडब्ल्यूसी की बैठक में कांग्रेस नेता तारिक हमीद कर्रा ने कश्मीर को लेकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने सरदार पटेल और जवाहर लाल नेहरू की भूमिका पर भी बात की। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बैठक में कर्रा ने कहा था कि जवाहर लाल नेहरू ने जम्मू कश्मीर को हिंदुस्तान में इंटीग्रेट करने का काम किया जबकि सरदार पटेल, जिन्ना के साथ मिलकर कश्मीर को पाकिस्तान को सौंपना चाहते थे। हालांकि, सीडब्ल्यूसी के कुछ सदस्यों ने कर्रा की बात पर हस्तक्षेप किया। उन्हें याद दिलाया कि पटेल भारत के एकीकरण में योगदान वाले पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष थे।

JOB
Immediately Required
Franchise / Mitr Sewak
for working on following services on commission basis:-
- Amazon Easy store
- Mitr Digi Portal ( AEPS, , DMT, ATM, RECHARGE, BILL PAYMENTS etc.)
- Online Bima for all major Bima Companies
- Online E-Store for E-Commerce
- Mutual fund, Tax filling, NPS, Share, Demat / online Trading
- Othere services

Registration Charges 2000+GST

Income opportunity of Rs. 40,000-60,000 with les investment

Mitr Sewa Pvt. Ltd.
Vikas Sabke Dwaar

Immediately contact
Shri : Manoj Kumar
Post : Area Manager, Mitr Sewa Foundations
Mob : 9151005283, 9006469840
Email : manoj.kumar@mitrsewa.in

## संक्षिप्त समाचार

### पेड़ से लटकती हुई 18 वर्षीय युवती की लाश बरामद

**दुमका /(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )।** शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत दलदली गांव के निकट ग्रामीणों की सूचना पर सोमवार की सुबह पुलिस ने दलदली गांव निवासी 18 वर्षीय रानी हेंब्रम की लाश साड़ी के फंदे में लटकती हुई एक पेड़ से बरामद की है . लड़की के पिता गोपी चंद्र हेंब्रम के लिखित आवेदन पर लाश को पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया गया है . गोपीचंद ने किसी पर कोई संदेह व्यक्त नहीं किया है . मिली जानकारी के अनुसार रानी का प्रेम विवाह इसी थाना क्षेत्र के झिकरा निवासी एक युवक के साथ हुआ था . वह रविवार को ससुराल में बकझक होने के बाद अपने मायके दलदली के लिए निकली थी .ग्रामीणों ने सोमवार की सुबह उसकी लाश एक पेड़ से लटकती हुई देखी .उसके हाथ पर कुछ लिखा हुआ था जो स्पष्ट नहीं है .ऐसा लगता है कि उस पर लिखा था फ्लिप की मां दोषी है . मृत लड़की के पिता ने किसी पर कोई संदेह व्यक्त नहीं किया है, इसलिए पुलिस ने तत्काल यूडी केस दर्ज कर जांच कार्य शुरू कर दिया है .

### ट्रेन से कटकर बधिर युवक की मौत

**दुमका /(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )।** दुमका-जसीडीह रेलमार्ग पर जरमुंडी थाना क्षेत्र के जमुआ गांव के समीप एक 30 वर्षीय युवक हकीम अंसारी की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। हथनामा गांव निवासी हकीम अपने चाचा सतन अंसारी के साथ बकरियां खरीदने जमुआ गांव के आसपास किसी ग्रामीण के घर जा रहा था। इस दौरान उसके चाचा को शौच लगी और वह रेलवे लाइन के समीप शौच करने लगा। इस बीच बधिर युवक हकीम अंसारी रेल लाइन पर चाचा के इंतजार में खड़ा रहा। बधिर होने के कारण जसीडीह-दुमका पैसेंजर ट्रेन की आहट और रेल की सिटी उसे सुनाई नहीं दी और ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। ट्रेन गुजरने के बाद चाचा सतन अंसारी की चीख-पुकार सुनकर जमुआ गांव के ग्रामीण जुटे और जरमुंडी थाना की पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।इधर, हथनामा से युवक के स्वजन भी घटनास्थल पर पहुंचे तथा पोस्टमार्टम नहीं कराने का आग्रह करने लगे। स्वजनों आग्रह पर पुलिस ने शव सौंप दिया। स्वजनों ने शव को कब्रिस्तान में दफन कर दिया।

### आप के जिला संयोजक बने अश्विनी मिश्र



**दुमका /(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )।** आम आदमी पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को धनबाद में सम्पन्न हुई। जिसमें प्रदेश संयोजक डीएनसिंह ने दुमका के लिए अश्विनी मिश्र, देवघर के लिए मुकेश तिवारी और साहेबगंज के लिए ताला हाँसदा , गोड्डा के लिए सर्वजीत झा,जामताड़ा के लिए शत्रुघ्न पंडित को जिला संयोजक एवं गोड्डा का जिला सचिव मो. सादिक अहमद को नियुक्त किया गया है । मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष हरेंद्रनाथ चौबे, संथाल परगना प्रभारी व्यास उपाध्याय ,प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ,सोशल मीडिया प्रदेश सचिव भास्कर सुमन,केंद्रीय पर्यवेक्षक दिनेश यादव ,निरसा विधानसभा प्रभारी अनंत कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे ।

# गणपति ज्वेलर्स में डकैती का प्रयास, हुई गोलीबारी, दो घायल, एक पकड़ाया

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )

**दुमका।** जिला के नगर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने दुःसाहस दिखाते हुए दिनदहाड़े डकैती का प्रयास किया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार के दिन मारवाड़ी चौक स्थित गणपति ज्वेलर्स में तीन की संख्या में आये अपराधियों ने डकैती की नाकाम कोशिश की। इस दौरान अपराधियों ने दुकान में गोली चला दी। अपराधियों की गोली से दुकान मालिक बिजय वर्मा और उसके एक भाई घायल हो गए। बताया जा रहा है कि तीन अपराधी ग्राहक बनकर दुकान में घुस गए। इसके बाद इन अपराधियों ने हथियार के बल पर दुकान में डकैती डालने की कोशिश की। वहीं गोली चलने के बाद आसपास के लोग दुकान के बाहर जुट गए। इसी दौरान भागने के क्रम में एक अपराधी को लोगों ने पकड़ लिया। घटना की सूचना मिलते ही एसपी अंबर लकड़ा घटनास्थल पर पहुंचे। घटना में घायल दोनों लोगों का इलाज फूलो झानो मेडिकल कॉलेज में कराया जा रहा है।बहरहाल, दुमका शहर में दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने दुमका पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर दिया है।

- **अस्पताल में हाल पूछने वालों का लगा रहा तांता**

जिस किसी ने संजय व विजय वर्मा के गोली लगने की बात सुनी, दौड़ता हुआ अस्पताल पहुंच गया। दोनों भाई का अस्पताल में इलाज किया गया। डाक्टरों ने दोनों को आराम करने की सलाह दी। पूर्व मंत्री लुईस मंराडी, राधेश्याम वर्मा समेत शहर के ज्वैलर्स व चैंबर आफ कामर्स के सदस्यों ने अस्पताल जाकर दोनों भाई का हाल पूछा और घटना को दुखद बताया।

- **जनता अपनी सुरक्षा स्वयं करें : डॉ लुईस मरांडी**

स्वजनों से अस्पताल में मुलाकात करने के बाद पूर्व मंत्री डा लुईस मरांडी ने कहा कि दिनदहाड़े इस तरह की वारदात यह दर्शाता है कि शासन का भय अपराधियों को नहीं है। इसी चौक पर पिछले साल पुष्पा हिम्मतसिंहका की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। फिर उसी चौराहे पर डकैती का प्रयास किया गया। सरकार को आम जनता से कोई लेना-देना नहीं है। उसे जगाने के लिए जनता को किसी पर विश्वास करने की जरूरत नहीं है। जनता को अपनी सुरक्षा के लिए स्वयं सोचना होगा।








## हेमन्त सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त , हद से ज्यादा बढ़ गया है अपराधियों का मनोबल: सुनील सोरेन

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )

**दुमका।** शहर के मेन रोड स्थित गणपति ज्वेलर्स में डकैती का प्रयास और दिनदहाड़े गोलीबारी की घटना साबित करती है कि हेमंत सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है , अपराधियों का मनोबल हद से ज्यादा बढ़ गया है , उन्हें किसी का डर नहीं रह गया है यह कहना है दुमका सांसद सुनील सोरेन का । सांसद ने ज्वेलरी के दुकान में अपराधियों द्वारा तांडव मचाए जाने की घटना पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि जिस तरह शहर के बीचो बीच दिनदहाड़े अपराधियों ने दुस्साहस का परिचय दिया है यह दर्शाता है कि उन्हें पुलिस का खौफ नहीं है । अगर शहर के बीचो बीच ऐसी घटना हो सकती है तो फिर ग्रामीण क्षेत्र में लोग कैसे रहेंगे यह आसानी से समझा जा सकता है। सुनील ने राज्य के डीजीपी से मांग की है कि जल्द से जल्द इस घटना का पर्दाफाश करें । जो अपराधी भागने में सफल हुए हैं उसे गिरफ्तार किया जाए और व्यवसायियों को किस तरह सुरक्षा प्रदान की जा सकती है इसकी व्यवस्था करें ।

## रात के अंधेरे में की जा रही है मवेशियों की अवैध तस्करी

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )

**दुमका।** भागलपुर सड़क मार्ग एंव रामगढ़ हंसडीहा सड़क मार्ग होकर रात के अंधेरे में धड़ल्ले से मवेशियों को हंसडीहा थाना होते हुए रामगढ़ के सिलठा ऐ, अमरपुर, भंडारो होते बंगाल बोर्डर तक पहुंचाया जा रहा है .सोमवार को हंसडीहा थाना क्षेत्र के गंगवारा तथा देवघर जिला के मोहनपुर मवेशी हाट से सैकड़ों की संख्या में मवेशियों को पैदल हंसडीहा, रामगढ़, जामा, मुफस्सिल थाना दुमका एवं रानीश्वर थाना होते हुए मवेशियों को पैदल बंगाल बोर्डर तक पहुंचाया जा रहा है.प्रशासनिक उदासीनता से इतने थाना क्षेत्रों से होकर मवेशियों को पार किया जा रहा है. सप्ताह के सोमवार, मंगलवार के अलावा अन्य दिनो भी सैकड़ों की संख्या मवेशियों को पार किया जा रहा है .इस गौरखधंधा में मवेशी तस्कर और अन्य मालामाल हो रहे है .मामले में कोई भी पदाधिकारी अपना पक्ष रखने को तैयार नही है .बहरहाल हंसडीहा रामगढ़ सड़क मार्ग पर मवेशियों का अवैध कारोबार जारी है ।



## ग्राहक बनकर ज्वैलरी दुकान में पहुंचे लुटेरे, असफल होने पर चला दी गोली, दो घायल

**दुमका /(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )।** उपराजधानी दुमका के मारवाड़ी चौक के पास गणपति ज्वेलर्स नामक दुकान में सोमवार को लूट केअसफल प्रयास की खबर सामने आई है. मौके पर लुटेरों ने दुकान मालिक पर गोली चलाई. इससे दुकान मालिक विजय वर्मा और उनके भाई घायल हो गए. पुलिस ने लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया है.शहर के मारवाड़ी चौक के पास गणपति ज्वेलर्स में दिनदहाड़े हथियारबंद अपराधियों ने लूट का प्रयास किया. बाइक से आए चार अपराधियों ने ग्राहक बनकर दुकान में प्रवेश किया. दुकान के अंदर दुकान मालिक और तीन भाई बैठे हुए थे. इसी क्रम में अपराधियों ने पिस्टल के बल पर लूट का प्रयास किया. दुकान मालिकों ने इसका विरोध किया और दोनों में हाथापाई शुरू हो गई. खुद पर हावी होता देख अपराधी ने गोली चला दी. जिसमें दुकान मालिक विजय वर्मा को गोली लगी. एक दूसरे भाई भी आंशिक रूप से घायल हुए हैं. मौके की नजाकत को देखते हुए अपराधी भागने मैं सफल रहा. जबकि एक अपराधी को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया.

## काठीकुंड पुलिस ने किया भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद



**दुमका /(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )।** जिले के नक्सल प्रभावित काठीकुंड थाना क्षेत्र में पुलिस एक बोरी में भरा भारी मात्रा में विस्फोटक ग्रामीणों की सूचना पर सोमवार को बरामद की है। पुलिस थाना क्षेत्र के दलाही गांव से एक बोरे में भरा 94 पीस और 97 पीस जिलेटिन बरामद की है। इसकी जानकारी एसडीओ, सदर मो नूर मुस्तफा ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि गांव के सुनील हांसदा के घर के पीछे जंगल मे बोरा छुपा कर रखा था। जब सुनील हांसदा की नजर बंद बोरी पर पड़ी तो इसकी सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी श्यामल कुमार मंडल मौके पर पहुंच सावधानीपूर्वक विस्फोटक बरामद कर जांच में जुट गए है।

## जंगल से मिला एक युवती का शव

**दुमका /(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )।** झारखंड की उपराजधानी दुमका में हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां के जंगल क्षेत्र से एक युवती का शव बरामद किया गया है. अभी तक युवती की पहचान नहीं हो सकी है. स्थानीय लोगों ने जब युवती के शव का देखा तो तत्काल इसकी सूचना स्थानीय मुफस्स्लि थाना को दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया. ग्रामीणों का दावा है कि मौके परआपत्तिजनक वस्तु जैसे कंडोम भी था. हालांकि, मुफस्सिल थाना की पुलिस इस पर कुछ भी कहने को तैयार नहीं है, लेकिन ग्रामीणों के दावे से युवती के साथ पहले रेप करने और फिर उसके बाद उनकी हत्या करने की आशंका है. के अनुसार, दुमका के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तहत आने वाले केवटपाड़ा बेदिया इलाके से युवती का शव बरामद किया गया है. युवती का शव नदी के किनारे सुनसान जंगल में पाया गया है. ग्रामीणों दावों को देखते हुए प्रथमदृष्टया यह मामला रेप के बाद हत्या का लग रहा है. बताया जा रहा है कि इस जघन्य हत्याकांड को देर रात अंजाम दिया गया होगा. शव की अभी तक पुष्टि नहीं हो सकी है. मुफस्सिल थाना प्रभारी उमेश राम ने घटना की पुष्टि कर दी है.

# दुमका में फूड प्वाइजनिग से दो की मौत,पांच भर्ती

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )

**दुमका ।** सदर प्रखंड की गादीकोरैया पंचायत के मिर्जाटोला में रविवार की रात फूड प्वाइजनिग से एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। वहीं एक महिला समेत पांच लोगों की हालत बिगड़ गई। सभी बीमार को सोमवार की सुबह फूलो झानो मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। सभी लोगों ने दुर्गा पूजा मे लगे मेले में मिठाई खाई थी।

15 अक्टूबर को धोड़िया गांव के समीप मेला दुर्गा पूजा पर मेला लगा था। मिर्जा टोला गांव के पड़ोस के रहने वाले करीब आधा दर्जन ग्रामीण मेला देखने गए थे। वहां सभी ने मेला का आनंद लेने के बाद मिठाई खाई। रात को सभी लोग वापस आ गए।



अगली सुबह मार्शल हेम्ब्रम, मांझी हेम्ब्रम, मकू हेम्ब्रम, सुशील मुर्मू, सुशील हेम्ब्रम, मतला हेम्ब्रम, बिटी मुर्मू और सुशील मुर्मू को उल्टी होने लगी। घरवालों ने गांव के डाक्टर से इलाज कराया। हालत में थोड़ा सुधार भी हुआ। लेकिन, मकू और सुशील हेम्ब्रम की तबीयत में सुधार नहीं हुआ। रविवार की शाम दोनों ने गांव में ही दम तोड़ दिया। अन्य मरीजों को घरवालों ने सोमवार सुबह अस्पताल में भर्ती कराया।मार्शल की बेटी सुनीत मुर्मू ने बताया कि मेला से लौटने के बाद सभी की हालत खराब हुई। गांव के डाक्टर से इलाज कराया। यह सोचकर अस्पताल नहीं गए कि दवा से ठीक हो जाएंगे। रविवार की शाम मकू और सुशील की मौत के बाद अगली सुबह डर से सभी को भर्ती कराना पड़ा। मुफस्सिल थाना प्रभारी उमेश राम का कहना है कि उन्हें इस तरह की घटना की कोई जानकारी नहीं है। अस्पताल से सूचना मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।अस्पताल में जिन पांच लोगों का इलाज चल रहा हैं, उनमें एक ही परिवार के तीन सदस्य शामिल हैं। मतला हेम्ब्रम, उसका बेटा सुशील और सुशील की पत्नी बिटी मुर्मू की हालत खराब है। सुशील ने बताया कि उसने मेला से कोई सामान नहीं खरीदा था। पत्नी ने भी मिठाई नहीं खाई थी, लेकिन पिता द्वारा लाई गई मिठाई खाने से उसकी तबीयत खराब हो गई। फूलो झानो मेडिकल कालेज अस्पताल के अधीक्षक डा. रवींद्र कुमार ने कहा फूड प्वाइजनिग की वजह से एक महिला समेत पांच लोगों को भर्ती कराया गया है। गांव वालों से दो लोगों की मरने की बात पता चली है। भर्ती मरीजों की हालत में पहले से थोड़ा सुधार है।

## संक्षिप्त समाचार

### बारिश व तेज हवा से धान की फसल को भारी नुकसान

**पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** पाकुडिया प्रखंड में विगत कई दिनों से लगातार हो रही छिटपुट बरसात ने मेहनतकश किसानों की हाड़तोड़ मेहनत पर मानो पानी फेर देने की जैसे जिद ही ठान ली है। धान की फसल खेतों में पककर तैयार हो चुकी है । अब इसे काटकर खलिहानों तक ले जाकर समेटने की बारी है ।ऐसे में साफ सुथरे मौसम की सख्त आवश्यकता है ।परंतु यहां प्रखंड में इधर पांच सात दिनों से रोजाना कुछ घंटे के लिये हो रही मूसलाधार बरसात से किसान अत्यंत परेशान और ब्याकुल दिख रहे हैं । मूसलाधार बरसात से अधिकांश पक चुकी धान की फसल खेतों में झुककर सड़ने एवं अंकुरित होने लगी है जिसका सीधा नुकसान किसानों को होता दिख रहा है । किसानों ने सरकार से फसलों के हो रहे नुकसान का आकलन कर मुआवजे की मांग की है। पाकुड़िया प्रखंड क्षेत्र के ऊंचाई वाले इलाके जैसे बासितकुंडी, तलवा, मोहलपहाडी, बालीडीह, खजुरदंगाल, पातपहाडी, सगबेड़िया, सलगापाड़ा, पालियादाहा, गनापूरा, जोका, फुलझींझरी, सलगाडीह आदि गांव समेत दर्जनों अन्य गांवों के किसानों के लिए बरसात व हवा इन दिनों रोजाना आफत बनकर बरस रही है । सोमवार को भी प्रखंड में घंटों मूसलाधार बरसात हुई । फलश्वरूप धान की जो फसल कटाई के बाद खेतों में खलिहानों तक लाने के लिये पड़ी थी वो बरसात के पानी में लगभग डूब गई है। किसानों ने बारिश से बर्बाद फसलों का आंकलन कराकर मुआवजा देने की मांग की है। बसेतकुंडी के सनातन बास्की और बलराम मुर्मू का कहना है कि धान की करीब तीस प्रतिशत फसल बर्बाद हो गई है। बहरहाल किसान इसे प्राकृतिक आपदा मानकर भगवान से मौसम में सुधार करने हेतु पूजा पाठ , मन्नत आदि भी करने में जुट चुके हैं ताकि उनकी महीनों की मेहनत पर यह असमय का पानी कहीं पानी न फेर दे ।

### वेक्सीन का पहला एवं दूसरा डोज दिया गया

**पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** पाकुडिया प्रखंड के चिन्हित 4 वेक्सीनेशन केन्द्रों पर 18 से 44 वर्ष के लोगों को कोरोना का वेक्सीन दिलवाने का कार्य सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी की निगरानी में किया गया । इस दौरान प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया, बन्नोग्राम, गानपूरा सहित अन्य गांवों में बुजुर्गों सहित 18 प्लस युवाओं को कोरोना वेक्सीन का पहला एवं दूसरा डोज दिया गया । वहीं मोबाईल वेन से भी सार्वजनिक स्थलों पर लोगो को वेक्सीन दिया गया। समाचार प्रेषण तक 18 से 45वर्ष से ऊपर के लोगों को वेक्सीन लगाया जा रहा था । वेक्सीन का डोज ले चुके लोगों ने बताया कि कोरोना वेक्सीन लेने के बाद उन्हें किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत का सामना नही करना पड़ा। वेक्सीन के बाद सब कुछ सामान्य है । वहीं दर्जनो सुदूर गांवों के युवा भी अतिउत्साह के साथ वेक्सीन लेने पाकुडिया अस्पताल सहित अन्य वेक्सिनेशन केंद्रों पर पहुंचे। उन्होंने बाकी लोगों से भी जल्द से जल्द नजदीकी टीकाकरण केंद्र जाकर वेक्सीन लगवाकर खुद को सुरक्षित कर लेने का आव्हान किया। इधर इस बाबत प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि वेक्सिनेशन के दौरान कोरोना गाइडलाइंस का अक्षरशः पालन कराया जा रहा है। टीकाकरण कार्य का निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार व अंचलाधिकारी किरण कु डांग द्वारा घूम घूम करते देखा गया ।

### धान काटने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, सुरुजमुनी जख्मी,

**पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र पाडेरकोला गांव में धान काटने को लेकर दो पक्षों में मारपीट कर घायल कर देने का घटना सामने आया है. थाना क्षेत्र पाडेरकोला निवासी सुरुजमुनी सोरेन पति स्व. अमीन मरांडी ने पुलिस को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है. मिली जानकारी के अनुसार



रविवार 17 अक्तूबर को पाडेरकोला गांव की एक महिला सुरुजमुनी सोरेन अपना खेत का तैयार फसल काटने के लिए मजूदर लगाई थी. दो खेत का धान कटा जा चूका था, इसी बीच बिहारी मरांडी, ईश्वर मरांडी दोनों के पिता स्व. होपना मरांडी, बिरेन्द्र मरांडी पिता ईश्वर मरांडी, मकलू हांसदा पति रोलेन मरांडी, सिरील मरांडी पिता स्व. चुंडा मरांडी, गणेश मरांडी पिता स्व. विषम मरांडी, रंचु मरांडी पिता गणेश मरांडी, रामेश्वर मरांडी पिता बुदान मरांडी, जमीन मरांडी पिता स्व. शिब मरांडी, पानपती हांसदा पति स्व. शिब मरांडी, मिस्त्री मरांडी पिता स्व. ईश्वर मरांडी, चुमकूच सोरेन पति स्व. चुंडा मरांडी, मनिला सोरेन पति सुशील मरांडी, स्टेंशिला हेम्ब्रम पति सुलेमान मरांडी और इन सबों की पत्नियां खेत आए और जबरन काटा हुआ धान अपना घर ले गए. तीसरा खेत का धान कटवा रही थी तो पुनः उपरोक्त व्यक्तियों ने तीर धनुष, लाठी डंडा, तलवार, कुल्हाड़ी, हंसुआ अन्य धारधार हथियार लेकर खेत पहुंचकर मेरे साथ मारपीट किया एवं तलवार से गंभीर रूप से घायल कर दिया. इस घटना की जानकारी ग्रामीणों के माध्यम से पुलिस को दी गई. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटना स्थल पहुँच कर घायल महिला सुरुजमुनि सोरेन को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया. पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया की अभी तक महिला के द्वारा आवेदन थाना में नहीं दिया है. फिलहाल पुलिस इस दिशा पर जाँच कर रही है।

# उपायुक्त ने विद्युत विभाग के योजनाओं की समीक्षा बैठक की



झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**पाकुड़।** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में उपायुक्त वरुण रंजन ने सोमवार को विद्युत विभाग के पदाधिकरियों के साथ बैठक कर विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में मुख्य रूप से बिजली व्यवस्था को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति हेतु निम्न बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त वरुण रंजन ने विद्युत कार्यपालक अभियंता को ट्रांसफार्मर रिपेयर वर्कशॉप एवं केंद्रीय भंडार को अति शीघ्र चालू करने का निर्देश दिया। पाकुड़ जिला अंतर्गत आवश्यकतानुसार एबी स्विच लगवाना एवं पाकुड़ शहरी फीडर को दो अलग फीडर में बांटते हुए चालू कराने का निर्देश दिया। 33 केवी दुबराजपुर फीडर में रेलवे क्रॉसिंग लाइन को चालू कराने हेतु रेलवे के सक्षम पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर आगे की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। बैठक में विद्युत कार्यपालक अभियंता सत्तनारायण पातर, कनीय विद्युत अभियंता, पाकुड़ (शहरी, ग्रामीण) दिलेश्वर महतो एवं कनीय विद्युत अभियंता अमड़ापाड़ा दुर्गा शंकर सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## 20 पीस सेमल की लकड़ी जब्त, वन विभाग द्वारा लगातार छापेमारी जारी



झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**पाकुड़।** वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार के निर्देश में गठित विशेष गस्ती दल के द्वारा लगातार जारी गस्ती एवं छापेमारी किया जा रहा है. छापेमारी के दौरान रविवार की रात्रि में लवदाघाटी ग्राम के समीप लिट्टीपाड़ा-कुंजबोना सड़क के पश्चिमी किनारे झाड़ियों में छुपा कर रखा 20 पीस सेमल लकड़ी को बरामद किया गया। छापेमारी में शामिल वनकर्मी अनुपम कुमार यादव, वनरक्षी मोहिलाल मुर्मू, वनरक्षी तथा गृह रक्षा वाहिनी के जवानों ने बताया कि रात होने के कारण वे इन बोटों की निगरानी रात भर करते रहे, ताकि माफिया वर्ग मौका पाकर इसे उठा न ले जाए। सुबह होने पर वनकर्मीयों के द्वारा ट्रेक्टर तथा जेसीबी की व्यवस्था की गई. इन बोटों को जप्त कर ट्रैक्टर में लोड कर वन परिसर कार्यालय लिट्टीपाड़ा के प्रांगण में लाकर सुरक्षित रखा गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि लकड़ी माफियाओं द्वारा आस-पास के भोले भाले ग्रामिणों को बहला फुसलाकर उनके रैयती जमीन पर खड़े वृक्षों को औने-पौने दामों में खरीद कर और कटवाकर छिपा कर रखा जाता हैं और मौका पाकर इसकी तस्करी कर कथित रुप से बंगाल पहुंचाने का काम किया जाता हैं। वन विभाग लगातार विषेश गस्ती एवं छापेमारी करके इनके मनसूबों को ध्वस्त करने का काम कर रहा है। इसकी रोकथाम हेतु स्थानीय नागरिकों तथा ग्रामिणों को भी जागरुक होना होगा ताकि खड़े और हरे वृक्षों को कटने से पहले बचाया जा सके। इन लकड़ी तस्करों के गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, और इनके मनसूबों को सफल नहीं होने दिया जाएगा। पाकुड़ वन प्रमंडल के वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार ने ग्रामीणों से अपील किया है कि वे इस तरह की वृक्ष की कटाई या ढुलाइ की घटना जहां कहीं भी देखें तो इसकी सूचना निकटवर्ती वन कर्मियों को या वन क्षेत्र पदाधिकारी को या सीधे वन प्रमंडल पदाधिकारी को दें. इस पर अविलंब कार्रवाई की जाएगी। सूचना देनेवाले व्यक्ति का नाम एवं पहचान गुप्त रखा जाएगा।

## थाना क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**पाकुड़।** पुलिस अधीक्षक पाकुड हरदीप पी जनार्दन के निर्देशानुसार सोमवार अहले सुबा प्रखंड के सीमावर्ती क्षेत्र सलगापाड़ा, राजदहा एवं लागडुम, गनपुरा, राजदाहा आदि अन्य गांवों में दुर्गा पूजा व अन्य पर्व त्योहारों के मद्देनजर सभी जवान थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता की अगुवाई में एवं पुलिस अधिकारी एएसआई बिरसा टूटी की मौजूदगी में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया वाहन सवार लोगों का ड्राइविंग लाईसेन्स, डिक्की एवं बैग आदि की अच्छी तरह से जांच की गई जिनमें कोई आपत्तिजनक समान खबर प्रेषण तक मिला नही। वहीं सागबेड़िया, लख्खीजोल, धोबना, श्रीरामपुर, बसन्तपुर आदि गांवों में भी सभी आने जाने वाले वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान सभी दो पहिया, चार पहिया वाहनों की डिक्की, सीट के नीचे ऊपर आदि की भी जांच की गई । पुलिस अधिकारी चंदन गुप्ता एवं एएसआई बिरसा टूटी ने बताया कि बॉर्डर की तरफ आने जानेवाले हर वाहनों की लगातार कड़ी जांच की जा रही है । दुर्गा पूजा विसर्जन के मद्देनजर एंटी क्राइम जांच भी अनवरत किया जा रहा है। जिसमें शांतिपूर्ण विसर्जन को प्रभावित करने वाले चीजों की कड़ाई से जांच की जा रही है । इधर जांच अभियान से चालकों के बीच इन दिनों काफी हड़कंप देखा जा रहा है । लोग जांच के डर से खेतों , खलिहानों पगडंडियों एवं दूसरे संकीर्ण ग्रामीण रास्तों से गंतब्य की ओर से चुपके से खसकते देखे जा रहे हैं। थाना प्रभारी श्री चंदन गुप्ता ने इस बाबत बताया कि दो पहिया वाहन चालक हर हाल में अपनी खातिर हेलमेट का प्रयोग वाहन चलाते वक्त जरूर करें, आवश्यक कागजातों को साथ रखें, वाहन की गति को संतुलित रखें, तीन लोड लेकर चलने से परहेज करें अन्यथा इस बातों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नही जायेगा ।

## भक्तों ने किया चौकीसाल दुर्गा मंदिर के प्रतिमा का विसर्जन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**पाकुड़।** पाकुड़िया प्रखंड के ऐतिहासिक चौकीसाल दुर्गा मंदिर के भव्य प्रतिमा का विसर्जन भक्तों ने पूरी निष्ठा के साथ सोमवार सुबह को कर दिया । इस बार माता अर्से बाद जगमग डोली पर सवार होकर आई थीं तो वहीं मदमस्त हाथी पर सवार होकर देवी की विदाई नम आंखों से आसछे बोछोर आबार ऐशो माँ के उद्घोष के साथ हुई। पुरोहितों की माने तो हाथी पर मां की अपनी घर वापसी अति शुभ संकेत माना जाता है। यह सुख-शांति, समृद्धि, उन्नति का परिचायक माना जाता है। पुरोहित पंडित अरुण कुमार झा ने बताया कि 'विसर्जन' का अर्थ होता है कि मिट्टी में मिल जाना। जो यह याद दिलाता है कि यह नश्वर शरीर मिट्टी से ही मिलकर बना होता है और एक दिन इसी मिट्टी में ही मिल जाता है । बाकी दुनिया सिर्फ माया-मोह है। वैसे तो 'दुर्गा विसर्जन' दशमी से ही शुरू है लेकिन इसके लिए 'शुभ मुहूर्त' दिन के 12 बजे के बाद और शाम चार बजे से पहले का है। कहते हैं मां की विदाई शुभ मुहूर्त में ही करने से अच्छे एवं शुभ फला×फल की प्राप्ति होती है। मां की विदाई ठीक वैसे ही की जाती है जैसी कि बेटी की शादी के बाद विदाई होती है। जिस तरह मां-बाप की भावनाएं होती हैं अपनी पुत्री को विदा करने वक्त, ठीक उसी तरह से भावनाएं मां के सभी भक्तों के मन में भी होती हैं और होनी चाहिये । बहरहाल प्रखंडवासी पूरे शांतिपूर्ण ढंग से देवी दुर्गा की मूर्ति का विसर्जन कर बूझे मन से घर की ओर लौट रहे हैं। इस दौरान पाकुडिया पुलिस के जवान एवं अधिकारी भी उनके साथ कदमताल कर शांतिपूर्ण विसर्जन में अपना अमूल्य समय देते देखे जा रहे हैं ।

## पेंशन अदालत का आयोजन किया गया

**पाकुड़/ झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** सोमवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनी देवी की अध्यक्षता में जिला के माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षकों के सेवानिवृत्ति लाभों के भुगतान हेतु जिला शिक्षा अधीक्षक पाकुड़ के कार्यालय कक्ष में पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। पेंशन अदालत में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों द्वारा कुल 3 लंबित मामलो को पेंशन अदालत में रखते हुए निष्पादित किया गया। पेंशन अदालत में दुर्गानंद झा, जिला शिक्षा अधीक्षक पाकुड़, श्री मुकुल राज, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी पाकुड़ एवं सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## लायंस क्लब के सदस्यों ने भोजन वितरण किया

**पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष लायन डोगल्स एक्स अलेक्जेंडर के जन्म दिवस के अवसर पर शहर के सिधु कान्हू मुर्मू पार्क के पास पार्क में लायंस क्लब के सदस्यों के द्वारा भोजन वितरण किया गया। भोजन वितरण का शुभारंभ पाकुड़ एसडीपीओ अजीत कुमार विमल के द्वारा किया गया। मौके पर मौजूद क्लब के अध्यक्ष सुरेश बाकलीवाल ने बताया कि लायंस क्लब इंटरनेशनल का उद्देश्य आपकी सेवा में है जो बखूबी निभा रहा है। उन्होंने कहा कि क्लब के द्वारा शिक्षा पर्यावरण स्वास्थ्य सड़क सुरक्षा एवं वाटर हार्वेस्टिंग जैसे कार्यक्रम विशेष तौर पर चलाया जा रहा है उन्होंने कहा कि आज लायंस क्लब के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्म दिवस के अवसर पर भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वही मौके पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर भोजन का लुफ्त उठाया। भोजन वितरण के मौके पर लायंस क्लब के निर्मल जैन, बृजमोहन साह, राजू डोकानिया ,राजीव पांडे, संजीव खत्री, पार्थो बनर्जी समेत दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

### शरद पूर्णिमा पर होगा लक्खी पूजा का आयोजन

**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** दशहरा समापन के बाद दुर्गा मंदिर पाकुड़िया में शरद पूर्णिमा के मौके पर लक्खी पूजा का आयोजन को लेकर आवश्यक तैयारी की जा रही है। पूजा को लेकर लक्खी पूजा कमेटी द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। मूर्ति निर्माण का कार्य पूरा कर लिया गया है और मंदिर की साफ सफाई भी कर ली गई है। मंदिर को आकर्षक इलेक्ट्रॉनिक बल्ब से सजाया जा रहा है। लोग मां लक्ष्मी के लक्खी स्वरूप की पूजा-अर्चना विधि- विधान से करेंगे। साथ ही मां लक्ष्मी को नारियल का लड्डू,पेड़ा, खीर, चूड़ा, केला, लड्डू व लावा का भोग लगाते हुए मां से अपने परिवार की उज्जवल भविष्य की कामना करेंगे। कई श्रद्धालुओं ने बताया कि उन्हें इस दिन का बेसब्री से इंतजार रहता है।



फोटो संख्या 2 (माँ लक्खी की प्रतिमा बनाते)

### तनवीर आलम ने सागर को सहयोग राशि देकर कहा पाकुड सहित राज्य का नाम रोशन करना

**पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** जिले के नगर स्तिथ वार्ड नंबर 11 के कैलाश नगर निवासी कन्हाई रजक के पुत्र सागर रजक के चयन राष्ट्रिय ग्रप्लिगं कुश्ति में हुआ है, राजधानी दिल्ली इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में दिनांक 20 से तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित किया गया है. जिसमें सागर रजक 77 किलो भार वर्ग में भाग लेंगे। पाकुड़ जिले के सागर ने इसके पूर्व भी दो बार जूनियर नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में भाग ले चुका है, कुश्ती खिलाडी सागर के पिता एक पलंबर मिस्त्री होने के कारण उनकी आर्थिक स्तिथि ठीक नहीं है कई कठिनाई का सामना करते हुए अपने पुत्र को जिले तथा राज्य का नाम रौशन करने में रूचि रखते हैं. यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सचिव श्री तनवीर आलम के संज्ञान में आते ही श्री आलम ने सागर रजक को अपने आवास इस्लामपुर बुलाकर उन्हे सहयोग राशि देकर उनके उज्जवल भविष्य कि कामना करते हुए कहा कि युवा देश कि रिढ होती है, इस प्रकार के कई प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी जिले में मौजूद हैं जिसे और निखारने कि आवश्यकता है, ऐसे खिलाड़ीयों के उज्जवल भविष्य कि कामना करता हूं। इस मौके पर असंगठित मजदूर कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतु चौधरी, संजय मंडल, रविन्द्र पासवान आदि मौजूद थे।



# शरद पूर्णिमा, कोजागरी आज ,लक्ष्मी माता की पुजा से मिलती विशेष लाभ : पंडित शास्त्री

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**पाकुड़।** शरद पूर्णिमा के अवसर भक्तो द्वारा माता लक्ष्मी की पुजा करने पर लोगों को विशेष लाभ मिलता है। इस सबंध में ज्योतिषाचार्य पंडित दीपक शास्त्री ने बताया कि ?इयम पूर्णिमा निशिथ प्रदोषौ भयवयापिनी? ?शरद पूर्णिमा व्रत करने से और रात्रि में लक्ष्मी और कुबेर का पूजन करने से घर में कभी नहीं होती है धन की कमी हर माह में पड़ने वाली पूर्णिमा तिथि शुभ मानी जाती है, लेकिन अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा का खास महत्व है, इस दिन से सर्दियों की शुरुआत मानी जाती है इस पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा कहते हैं, शरद पूर्णिमा को कोजागिरी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है, इस दिन दूध की खीर बनाकर चंद्रमा की रोशनी में रखी जाती है. मान्यता है कि चंद्रमा की किरणें खीर में पढ़ने से यह कई गुना गुणकारी और लाभकारी हो जाती है,इस दिन माता लक्ष्मी का पूजन करने से विशेष लाभ मिलता है.

● **इस रात 16 कलाओं से परिपूर्ण होता है, चंद्रमा इस रात पृथ्वी के सबसे करीब होता है।**

अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा कहते हैं. ज्योतिष के अनुसार इस रात चंद्रमा सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है,चंद्रमा से निकलने वाली किरणें अमृत समान मानी जाती है,तभी कहावत यह भी है कि शरद पूर्णिमाकी रात आसमान से अमृत बरसता है, इस साल यह पूर्णिमा 19 अक्टूबर 2021 दिन मंगलवार को है, शरद पूर्णिमा पर मंदिरों में विशेष पूजा का आयोजन होता है, शरद पूर्णिमा का दिन मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए खास माना जाता है, कहते हैं इस रात मां लक्ष्मी भ्रमण पर निकलती है इस रात चंद्रमा पृथ्वी के सबसे करीब होता है, इसलिए चांद की रोशनी पृथ्वी को अपने आगोश में ले लेती है.

● **शरद पूर्णिमा पर क्या करें**

शरद पूर्णिमाके दिन सुबह उठकर व्रत का संकल्प ले और पवित्र नदी, जलाशय या कुंड में स्नान करें.इसके बाद आराध्य देव को सुंदर वस्त्र, आभूषण पहनाएं. आवाहन,आसन,आचमन वस्त्र,गंध,अक्षत,पुष्प,धूप,दीप, नेवेध,तांबूल,सुपारी और दक्षिणा आदि अर्पित कर पूजन करें।रात्रि के समय गाय के दूध से बनी खीर में घी और चीनी मिलाकर आधी रात के समय भगवान को भोग लगाएं.रात्रि में चंद्रमा के आकाश आकाश के माध्य मैं स्थित होने पर चंद्र देव का पूजन करें तथा खीर का नैवेध अर्पण करें, रात को खीर से भरा बर्तन चांद की रोशनी में रखकर दूसरे दिन उसे ग्रहण करें और सब को प्रसाद के रूप में वितरण करें।

● **शरद पूर्णिमा की तिथि और शुभ मुहूर्तः-**

» पूर्णिमा की तिथि प्रारंभ 19 अक्टूबर 2021 को शाम 6:41 बजे से

» पूर्णिमा तिथि समाप्त 20 अक्टूबर 2021 को रात 7:20 मिनट पर

● **शरद पूर्णिमा पर बरते सावधानी :-**

» इस दिन पूर्ण रूप से जल और फल ग्रहण करके उपवास रखने का प्रयास करें

उपवास रखें या ना रखे लेकिन इस दिन सात्विक आहार ही ग्रहण करें तो ज्यादा बेहतर होगा, शरीर के शुद्ध और खाली रहने से आप ज्यादा बेहतर तरीके से अमृत की प्राप्ति कर पाएंगे, इस दिन काले रंग का प्रयोग ना करें चमकदार सफेद रंग के वस्त्र धारण करें,तो ज्यादा अच्छा होगा

## संक्षिप्त समाचार

### निशुल्क ऑपरेशन हेतु 16 बच्चें को किया गया रवाना



**देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** इन्गा हेल्थ फाऊंडेशन ओपरेशन स्माइल के सहयोग से लोक प्रेरणा-समाधान, भारत विकास परिषद देवघर शाखा एवं मुस्कान डेंटल केयर के संयुक्त तत्वावधान में जन्मजात कटे ओठ एवं तालु वाले व्यक्तियों का निःशुल्क चितित्सा हेतु चयनित 16 बच्चें एवं उनके अभिभावकों को आई क्यू सिटी हॉस्पिटलसदुर्गापुर, पश्चीम बंगाल के लिये जसीडीह स्टेशन से रेलमार्ग द्वारा लोक प्रेरणा समाधान के सचिव एस.पी.भुइयाँ बिलास ने शुभकामनायों के साथ रवाना किया है। ज्ञात हो कि पिछ्ले 5 अक्टूबर 2021 को इस हेतु निशुल्क परामर्श सह जाँच शिविर का आयोजन किया गया था तथा 16 बच्चों को भी निशुल्क चिकित्सा हेतु चयन किया गया था । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चों में कुपोषण पाये जाने पर भारत कुपोषण उन्मूलन कार्यक्रम के तहत उन्हें न्यूट्रिशन सप्लीमेंट, पौष्टिक पोषाहार तथा विटामिन एवं दवाई आदि निशुल्क दिया जाता है।

चयनित बच्चों को आई क्यू सिटी हॉस्पिटल, दुर्गापुर (प. बंगाल) मे चिकित्स, जाना-आना, रहना, दवाई आदि सम्पुर्ण निशुल्क करया जाता है। जहां ऑपरेशन कर उनके कटे ओठ या तालु को सामान्य बनाया जात है और उनके चेहरे मे मुस्कान वापस लायी जाती है।

लोक प्रेरणा-समाधान के सहयोगी मयंक अभिलास ने सभी को साथ लेकर रवाना हुये।

### पैसे मांगने के विवाद में मारपीट नगर थाने में शिकायत दर्ज

**देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** शनिवार शाम को शिवेंद्र सिंह अपने घर से बाजार सब्जी लाने जा रहा था तो रास्ते में अनिकेश राय दिखाएं दिए तो उनसे अपने बाकी रुपए मांगा तो उन्होंने कहा कि आप मेरे घर आकर पैसे क्यों मांगे। इसी बात पर वह लोग तीनों लोग तू तू मैं करने लगे और फिर मारना चालू कर दिया। मौके पर लड्डू सिंह तथा रिझन सिंह बीच-बचाव करने आए तो अनिकेस रॉय और प्रदीप रॉय के द्वारा उन्हें भी मारा गया। जिसके बाद नगर थाना में प्राथमिक दर्ज कराई। उसके बाद वहां से दोनों पक्ष को समझा-बुझाकर घर भेज दिया गया। फिर रविवार को सुबह 7:00 बजे जलेसर यादव के घर दूध लेने गया तो प्रदीप राय ने गाली देना चालू कर दिया। कुछ नहीं कहा वहां से थोड़ा आगे बढ़ते प्रदीप राय तथा उनके बड़े बेटे आशीष राय और उनके छोटे बेटे अनिकेश राय पीछे दौड़ कर मारने का प्रयास करने लगाा। फिर किसी तरह घर आया और उस समय जान बचाने का कोई और जरिया नहीं था तो इसीलिए अपनी आत्मरक्षा में लाइसेंसी रिवाल्वर लेकर के वी राय की दुकान तक गया फिर उन्हें धमकाया तो फिर वह अपने घर जाकर मामला शांत हुआ। इसकी जानकारी नगर थाना में शिकायत दर्ज करवाया गया।

### स्कूलों के आसपास 100 मीटर दायरे में तंबाकू की बिक्री पर लगेगी रोक : अनुमंडल पदाधिकारी

**देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** अनुमंडल पदाधिकारी सह अनुमंडल दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में स्कूल, कॉलेज परिसर के आसपास तम्बाकू पदार्थ बेचने पर रोक लगाने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई की कॉलेज और स्कूलों के आसपास 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की सिगरेट, बीड़ी, तंबाकू या इससे संबंधित सामान बेचने पर रोक लगेगी। साथ ही इसके अनुपालन को लेकर नियमित तौर पर छापेमारी करने के निर्देश उन्होंने जिला स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण और खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी को दिया।

इसके अलावे बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि ग्लोबल यूथ तंबाकू सर्वे रिपोर्ट के अनुसार 5 फीसदी बच्चों के तंबाकू के सेवन करने की बात कही गई है, जो किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं। ऐसे में नियम के अनुपालन हेतु आवश्यक है कि स्कूलों और शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में बिकने वाले तंबाकू के उत्पादों पर सख्ती से रोक लगाते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि तम्बाकू पदार्थ के बिक्री पर रोक लगाया जा सके।

# राशि के मनमाने वितरण के खिलाफ जिप सदस्यों ने समर्थकों संग किया आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन

## पदाधिकारियों के साथ वार्ता के बाद किया गया आंदोलन स्थगित

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**गिरिडीह।** जिला परिषद गिरिडीह में आबद्ध एवं अनाबद्ध राशि के मनमाने वितरण के खिलाफ आज भाकपा माले से जुड़े विभिन्न जिप सदस्यों ने अपने समर्थकों संग जिला परिषद कार्यालय के समक्ष आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन करते हुए राशि के समान वितरण की मांग की।इस कार्यक्रम में जिप सदस्य मनोवर हसन बंटी, जयंती चौधरी, पूनम महतो, गजेंद्र महतो, रेखा अग्रवाल, किरण कुमारी, सरिता महतो, कैलाश यादव सहित जिप सदस्य नीनू संथालिया के प्रतिनिधि विनय संथालिया तथा आसमा खातून के प्रतिनिधि मुस्तकीम अंसारी मुख्य रूप से शामिल थे।वहीं, प्रदर्शनकारियों के साथ भाकपा माले नेता सह पूर्व जिप सदस्य राजेश यादव, राजेश सिन्हा, किशोरी अग्रवाल, रामेश्वर चौधरी, पवन महतो, संतोष कुमार, पप्पू खान, प्रीति भास्कर, निशांत भास्कर, उज्जवल साव,




कन्हैया सिंह, सनातन साहू समेत प्रदर्शनकारी जिप सदस्य के इलाके से आए सैकड़ों समर्थक भी शामिल थे।आंदोलनकारियों की ओर से पक्षपात पूर्ण तरीके के बजाय समान रूप से राशि आवंटन की मांग की गई। तथा इसे लेकर जोरदार तरीके से प्रदर्शन और नारेबाजी करते हुए अनिश्चित काल के लिए धरना शुरू कर दिया गया।

कुछ घंटे धरना के उपरांत जिला अभियंता भोला राम तथा जिला पंचायत राज पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद की ओर से आंदोलनकारियों को वार्ता के लिए बुलाया गया। आंदोलनकारी अपने मुद्दों पर वार्ता करने के लिए तैयार हो गए और माले नेता सह पूर्व जिप सदस्य राजेश यादव, मनोवर हसन बंटी, जयंती चौधरी आदि की अगुवाई में सभी जिप सदस्यों ने वार्ता में भाग लिया।

वार्ता क्रम में आंदोलनकारी जिप सदस्यों के क्षेत्रों से संबंधित अनुशंसित योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के उपरांत जिप सदस्यों के क्षेत्रों से कई योजनाओं को भी इसमें शामिल कर लेने पर सहमति बनी।बाद में जिप सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल ने सहमति के बिंदुओं से उप विकास आयुक्त को भी अवगत कराते हुए उनसे भी इसपर शीघ्र अमल करवाने का आग्रह किया।वार्ता से संतुष्ट जिप सदस्यों ने यह कहते हुए आंदोलन को स्थगित किया कि, वे अभी आंदोलन को स्थगित कर रहे हैं। लेकिन, यदि यदि वार्ता के दौरान सहमत हुए बिंदुओं पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे पुनः इससे भी बड़ा आंदोलन शुरू कर देंगे।

## ईद-मिलादुन्नबी त्यौहार शांतिपूर्वक मनाने की अपील



झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**गिरिडीह।** गावां थाना में सोमवार को पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ईद-ए-मिलादुन्नबी के त्यौहार को लेकर चर्चा की गई। थाना प्रभारी सूरज कुमार ने कहा कि कोविड-19 गाइडलाइन का पालन करते हुए त्योहार संपन्न कराया जाए। कोरोना महामारी का प्रकोप अभी समाप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि कोई भी आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करेगा, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। सरकार से जुलूस निकालने की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रखंड में पुलिस नजर बनाए हुए हैं। पर्व में खलल पैदा करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी प्रखंडवासियों से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। सूरज कुमार ने कहा कि संभ्रांत व्यक्तियों की जिम्मेदारी है कि वह प्रखंड वासियों से चर्चा करें और कोविड के नियमों का पालन कराएं। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस टीम अपने-अपने क्षेत्रों में बराबर भ्रमण करेगी। अगर किसी प्रकार की समस्या आती है तो तत्काल सूचना दे सकते हैं। जिप सदस्य इमरान अंसारी ने कहा कि सभी लोग शांति पूर्वक त्योहार मनाएंगे तथा प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे। इस अवसर पर मुखिया मो० सबदर अली, सौदागर साव, मो० अय्यूब, एज़ाज़ अहमद, मंसूर आलम समेत दर्जनों जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## आप नेताओं ने प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, कई दफ्तरों में लटका मिला ताला



झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**गावां/गिरिडीह।** धनवार विधासभा प्रभारी के नेतृत्व में आप नेताओ के टीम ने सोमवार को गांवा प्रखंड मुख्यालय का औचक निरक्षण किया। इस दौरान प्रखंड कार्यालय गांवा पहुंचे जहां उन्होंने कई कार्यालयों में ताला लटका हुआ पाया। आप नेता सागर कुमार चौधरी ने प्रेस के माध्यम से सरकार से स्थाई प्रखण्ड विकास पदाधकारी और अंचलाधिकारी बहाल करने की मांग किए एवं विधायक और सांसद से के प्रति आक्रोष व्यक्त करते हुए कहा कि लगभग हर शनिवार और सोमवार को आधा से ज्यादा कर्मचारी व अधिकारी की अनुपस्थित ही रहते है। राजधनवार विधानसभा संघर्ष समिति के विधानसभा अध्यक्ष मनीष कुमार शर्मा भी आक्रोष व्यक्त करते हुए कहा की स्थाई बीडीओ और सीओ को पदस्थापित कर छात्र छात्राओं और ग्रामीणों को समस्या से निजात दिलाने का मांग किए। गांवा निवासी नितेश कुमार ने बताया कि वे दुर्गापूजा से पूर्व से ब्लॉक का चक्कर काट रहे हैं पर अधिकारी नहीं रहने से कोई काम नहीं हो पा रहा है। मे-रा छात्रवृति का फॉर्म भरना है जिसकी अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है और विगत समस्या से छात्रवृति फॉर्म भरना भी मुस्कील लग रहा है। वही डाबर निवासी गुड्डू सुमन ने भी बताया कि अधिकारी नहीं रहने से हमे भी भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

# सुदूरवर्ती गांवों में फैलाई गई जागरूकता






झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**गिरिडीह।** विधिक जागरूकता रथ के द्वारा आम ग्रामीणों से संपर्क कर उन्हें विधिक रूप से जागरूक किया गया तथा उन सभी के बीच पंपलेट का वितरण किया गया।

अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी -सह- सचिव (प्रभारी), जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह अशोक कुमार के नेतृत्व में आज के लिए निर्धारित झालसा रांची द्वारा प्रायोजित प्रोजेक्ट- श्रमेव वंदते विषय पर विभिन्न गांवों में आम लोगों के बीच टीम के द्वारा जागरूकता सह विधिक सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए सचिव(प्र.), जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह, अशोक कुमार ने झालसा, रांची द्वारा कोविड-19 के दौरान प्रभावित प्रवासी मजदूरों के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार मुहैया कराने हेतु प्रायोजित प्रोजेक्ट- श्रमेव वंदते के बारे में जागरूक किया। इस दौरान कई ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन टीम को समर्पित किया जिसे सचिव (प्रभारी) के द्वारा संबंधित विभाग को उचित कार्यवाही हेतु अग्रसारित किया जा रहा है.सचिव(प्रभारी), जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह ने कहा कि नालसा, नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निर्देश पर इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि कोई भी व्यक्ति जानकारी के अभाव में न्याय पाने से वंचित नहीं रहे। अक्सर देखा गया है कि आम लोग जानकारी के अभाव में अपने मूलभूत अधिकारों से वंचित रह जाते हैं, जिससे हमारे संविधान में निहित जन कल्याणकारी राज्य की अवधारणा का लाभ हाशिए पर के लोगों को नहीं मिल पाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए नालसा, नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निर्देश पर सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को इस कार्यक्रम के माध्यम से कानूनी रूप से जागरूक किया जा रहा है। साथ ही साथ उनकी समस्याओं को जानकर उनका त्वरित निदान करने के उद्देश्य से सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार निरंतर प्रयास कर रही है।

आज सत्रहवें दिन प्रखंड स्तरीय टीमों के द्वारा गिरिडीह न्याय मंडल के सभी 13 प्रखंडों के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों तथा गांवों में कार्यक्रम को संचालित किया गया। जिसमें सैकड़ों लोग इन कार्यक्रमों में उपस्थित हुए तथा विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन टीम के सदस्यों को सौंपा, जिसे सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के द्वारा त्वरित एवं अग्रसर कार्यवाही हेतु संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया है।

कार्यक्रम में सभी पारा लीगल वालंटियर्स सहित सभी पैनल अधिवक्तागण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सत्यम फाउंडेशन एनजीओ के सचिव दिलीप कुमार ने किया।

### कोयला लदा साइकिल की चपेट में आने से बाईक सवार घायल



**गिरिडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बिशनपूर बहादुरपुर मुख्य पथ के पास कोयला लदा साईकिल को मोटरसाइकिल द्वारा पिछे से ठेले जाने की चपेट में आने से बाइक पर सवार एक कंपाउंडर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मंडरडीह निवासी बंधु राम कंपाउंडर बहादुरपुर की ओर इलाज के लिए किसी के घर जा रहे थे तभी बहादुरपुर की ओर से कोयले लदी साईकिल से मोटरसाइकिल द्वारा ठेले जाने को लेकर कंपाउंडर को चपेट में ले लिया ! जिससे कंपाउंडर घायल हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि मोटरसाइकिल द्वारा कोयले लदी साईकिल को कई वर्ष पूर्व से ठेला जा रहा है जबकि पूर्व में चकरदाहा के ग्रामीणों ने कई बार इसपर रोक व विरोध भी किया लेकिन बाईकरस की मनोबल काफी बढ़ गया है। समय रहते इसपर रोक नहीं लगायी गयी तो बड़ी दुर्घटना घट सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि बेंगाबाद पुलिस प्रशासन का आना जाना हमेशा उक्त सड़कों से होता रहता है पर अब तक प्रशासन की ओर से मोटरसाइकिल वालों पर अब तक शिकंजा नहीं लगाया गया है। अब चकरदाहा के ग्रामीणों ने मन बना लिया यदि इसपर रोक नहीं लगायी गयी तो बहुत जल्द सड़क जाम होगी।

# संक्षिप्त समाचार

## लज्जा भंग करने का मामला में एक और अभियुक्त गिरफ्तार

**पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** लज्जाभंग करने के मामलें में पुलिस ने रविवार देर को एक अभियुक्त को दासो टुडू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. मिली जानकारी के अनुसार जिले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र की पीड़िता के लिखित आवेदन पर 20 मार्च मंगलवार देर शाम को बोहड़ा रस्सी टोला गांव के 59 नामजद व्यक्तियों के विरुद्ध लज्जा भंग कर मारपीट करने का केस दर्ज कराया था। वादिनी ने दिए लिखित आवेदन में कहा है की बीते 20 मार्च को सभी आरोपियों के द्वारा बेरहमी से मारपीट कर दुर्व्यवहार करने तथा घर का सभी समान लूट लेने और जमीन का कागजात एवं कपड़ा आग से जलाकर नष्ट कर देने का आरोप लगाया है। थाना में 23/21 कांड दर्ज किया गया था.

## प्रकृति पूजक के साथ संगीत प्रेमी भी होते आदिवासीः बादल



**दुमका/(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )।** जरमुंडी प्रखंड क्षेत्र के झनकपुर पंचायत में सिदो-कान्हु मुर्मू की प्रतिमा स्थल के समीप पंचरस का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जरमुंडी के विधायक सूबे के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने किया।

इस मौके पर कृषि मंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज गीत-संगीत का प्रेमी होने के साथ प्रकृति के पुजारी भी होते हैं। वह प्रेम, सौहार्द व भाईचारा के संदेशवाहक भी हैं। बादल ने कहा कि आदिवासी समाज में अपनी संस्कृति, सभ्यता के प्रति काफी लगाव है। पंचरस के माध्यम से आदिवासी संस्कृति का प्रचार-प्रसार होता है। कार्यक्रम के उपरांत कृषि मंत्री ने आसपास के गांवों का दौरा किया एवं ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए व उसके निदान को लेकर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया।

मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रसिक टुडू, मनोज मंडल, किशोर हेंब्रम, सपना मरांडी, अशोक कुमार ठाकुर सहित दर्जनों अन्य कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता व कार्यकर्ता सहित भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, टीम बादल के सदस्य एवं अन्य मौजूद थे।

## हैंडबॉल जिला स्तरीय कोर कमिटी की बैठक आयोजित



**दुमका/(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )।** सिदो-कान्हू उच्च विद्यालय में हैंडबॉल जिला स्तरीय कोर कमिटी की बैठक प्रदीप्त मुखर्जी की अध्यक्षता में की गई। जिसमें सर्वसम्मति से प्रदीप मुखर्जी को अध्यक्ष, रवि यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पराक्रम शर्मा को उपाध्यक्ष, फरीद खान को सचिव, सुमंत यादव को उपसचिव, शशि सिंह राजपूत को उपसचिव, बबलू शर्मा को उपसचिव, नंदन कुमार को कोषाध्यक्ष, असीम मंडल को संरक्षक, साकेत कुमार गुप्ता को मीडिया प्रभारी तथा निप्पू अंसारी, सुमन खान, शमशाद आलम, टेन्जेंट खान, शब्बीर आलम को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया।

# सदर अस्पताल से संबंधित समीक्षा बैठक निर्धारित की गई



झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**पाकुड़।** उपायुक्त वरुण रंजन द्वारा सदर अस्पताल में दिए जा रहे सेवाओं के बारे में जानकारी ली गई। इस क्रम में उनके द्वारा ओपीडी, आईपीडी, जांच, अल्ट्रासाउंड, एक्सरे एवं प्रसव आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। सदर अस्पताल सृजत चिकित्सा पदाधिकारियों को विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों के बारे में जानकारी ली गई। सिविल सर्जन के द्वारा बताया गया कि सदर अस्पताल पाकुड़ में 22 विशेषज्ञ चिकित्सकों के विरुद्ध मात्र सदर अस्पताल में एक स्त्री एवं प्रसग रोग विशेषज्ञ पदस्थापित एवं कार्यरत है। सदर अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों की बहुत कमी है, उपलब्ध मानव संसाधनों से पाकुड़ की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में सदर अस्पताल में ओपीडी, आईपीडी, प्राइवेट वार्ड, नियमित टीकाकरण, डिलीवरी, माइनर ऑपरेशन, एंबुलेंस विभिन्न अल्ट्रासाउंड, एक्सरे, विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रम यथा टीवी, कालाजार एवं मलेरिया इत्यादि का निशुल्क सुविधा दी जा रही हैं। उपायुक्त वरुण रंजन ने निर्देश दिया कि सदर अस्पताल में आवशयकताओं से संबंधित विस्तृत समीक्षा कर आवशयकता का मांग पत्र उपलब्ध कराया जाए, ताकि पाकुड़ की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में सिविल सर्जन, जिला डाटा प्रबंधक एवं अस्पताल प्रबंधक उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में ग्रामीणों की सुनी फरियाद

### समस्या निदान को लेकर अविलंब पदाधिकारियों को कार्रवाई का दिया निर्देश



झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**पाकुड़।** उपायुक्त वरुण रंजन ने कार्यालय कक्ष में सोमवार को जनता दरबार आयोजित की गई। जनता दरबार में उपायुक्त वरुण रंजन ने ग्रामीणों की फरियाद सुना एवं समस्या निराकरण को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में पीएम आवास, जमीन से संबंधित, बांध बनाने से संबंधित समेत दर्जनों मामले आऐ। जिस पर उपायुक्त के द्वारा अविलंब संज्ञान लेते हुए कार्रवाई को लेकर पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।

- **जनता के कार्य के प्रति बने संवेदनशील,प्राथमिकता के साथ योजनाओं का दे लाभः- उपायुक्त**

उपायुक्त ने जनता दरबार में पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीणों की समस्या के प्रति अधिकारी एवं कर्मी संवेदनशील होकर कार्य करें एवं प्राथमिकता के साथ योजनाओं का लाभ दें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि समस्या निदान को लेकर ग्रामीणों को कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े इसे सुनिश्चित करें।

# उपयोगिता प्रमाणपत्र नहीं मिला तो रुकेगा मानदेयः बीडीओ



(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )

**दुमका।** रामगढ़ प्रखंड में शौचालयों के निर्माण का शत प्रतिशत उपयोगिता प्रमाण पत्र दो दिन के अंदर जमा कराने का निर्देश सभी जल सहिया को दिया गया है। सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी कमलेंद्र कुमार सिन्हा के निर्देश पर स्वच्छ भारत मिशन के प्रखंड समन्वयक मोहम्मद सरफुद्दीन ने सभी जल सहिया के साथ बैठक कर यह निर्देश दिया है।कहा है कि सभी शौचालयों का उपयोगिता प्रमाण पत्र हरहाल में जमा कराएं। जो जल सहिया दो दिन के अंदर उपयोगिता प्रमाणपत्र जमा नहीं करती है उनका मानदेय रोकते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारी को लिखा जाएगा। कहा कि जल सहिया से शौचालय की राशि भी वसूली जाएगी। कहा कि शत प्रतिशत शौचालय निर्माण का उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं करने के कारण स्वच्छ भारत मिशन टू के तहत जल जीवन मिशन के तहत दुमका जिला को मिलने वाली राशि अभी तक नहीं मिल पा रही है। जो जल सहिया उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं करती है उन्हें जल जीवन मिशन के तहत मिलने वाले कार्य से वंचित रखा जाएगा। बैठक में जल सहिया धनी बेसरा, सविता देवी, पूनम देवी, अनास्तासिया मुर्मू समेत अन्य जल सहिया उपस्थित थी।

## पत्रकार के साथ मारपीट, लगाई न्याय की गुहार

### उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने स्वतः संज्ञान लेते हुए समुचित कार्रवाई का दिया आश्वासन



**देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** देश भले ही विजयादशमी अर्थात दुर्गा पूजा के दसवीं के दिन पूजा के माहौल में रमा हुआ हो और दुर्गा पूजा मना रहा था, किंतु वही एक थाना प्रभारी अपने पुलिसिया रॉब में एक पत्रकार को वैसे मारते झ पीटते थाना के हाजत में बंद कर दिया। मानो वह उस इलाके का बहुत बड़ा गुंडा या अपराधी हो पुलिसिया जुल्म का यह नमूना इस शहर के पुरनदाहा मोहल्ले के निवासी और केवल सच नामक मासिक पत्रिका के पत्रकार राजीव कुमार सिंह के साथ नगर थाना प्रभारी ने गत 15 अक्टूबर विजयादशमी की संध्या 7:00 बजे के करीब तब मारपीट, गाली झ गलौज किया जब पत्रकार श्री कुमार ने थाना प्रभारी को पुरनदाहा दुर्गा पूजा पंडाल के निकट दो गुटों में हो रही मारपीट की सूचना मोबाइल से दी और प्रभारी श्री सिंह उनके सूचना को बार- बार नजरअंदाज कर रहे थे जिसके कारण पत्रकार श्री कुमार को कई बार थाना प्रभारी को सूचना देना पड़ा । पत्रकार की महज यही गलती थी कि उसने अपने सामने घट रही घटना की सूचना प्रभारी के मोबाइल पर दे दिया और प्रभारी को यह बात इतनी बुरी लगी कि उन्होंने पुरन दाहा घटनास्थल पर पहुंचते ही पत्रकार के साथ मारपीट गाली-गलौज ही नहीं किया बल्कि उसे लगभग 20 घंटे तक हाजत में बंद रखा और थाने पर ले जाकर भी लप्पर झ थप्पड़ और लाठियों से पिटाई की। बताते चलें कि पत्रकार श्री कुमार अस्थमा एवं ब्लड शुगर के रोगी है। यह जानकारी उनके द्वारा थाना प्रभारी को दिए जाने के बाद भी ना तो उनका इलाज कराया गया और न दवा दी गयी।कहते हैं कि बाद में प्रभारी श्री सिंह ने सदर अस्पताल ले जाकर पत्रकार का एक झूठी मेडिकल रिपोर्ट बनवाया और उसके बाद उसे जेल भेजने की धमकी देते रहे। पत्रकार श्री कुमार द्वारा इस घटना की जानकारी पत्रकारों को देते हुए मामले में न्याय की गुहार लगाई गई है। पत्रकार श्री कुमार ने बताया कि इस घटना में उनका प्रेसमेस चश्मा जिसकी कीमत 4500 और उनका मोबाइल जिसकी कीमत 72000 था, वह भी टूट गई।इसके साथ ही मारपीट की घटना में उनके आंखों पर गहरी चोट आई है और साथ ही उनके सिर में भी चोट आई है। बताते चलें कि इस मामले में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने स्वतः संज्ञान लेते हुए पत्रकार श्री कुमार को समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने इस संवाददाता से मोबाइल पर बातें करते हुए कहा कि वे पीड़ित पत्रकार को बुलाया है और सारी बातों की जानकारी लेकर दोषी के विरूद्ध करवाई करेंगे। वैसे प्रश्न उठता है कि घटना के 72 घंटे बाद भी थाना प्रभारी श्री सिंह का अब तक थाना में प्रभारी बने पुलिसिया कार्यशैली को दर्शाता है। वैसे इस घटना में कई पत्रकारों और पत्रकार एसोसिएशन ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य सचिव और आरक्षी महानिदेशक को पत्र लिखकर उक्त थाना प्रभारी को निलंबित करते हुए समुचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# जनजातीय एवं पारंपरिक चित्रकला व हस्तशिल्प प्रदर्शनी 20 से 26 अक्तूबर तक

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )

**देवघर।** आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष पर ली पोक्यू डी' आर्ट गैलेरिया, नयी दिल्ली द्वारा देवघर के बिलासी टाउन स्थित विनायक आर्ट गैलरी में 20 से 26 अक्तूबर तक सात दिवसीय जनजातीय एवं पारंपरिक चित्रकला व हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है. इस प्रदर्शनी में देश के ख्याति प्राप्त हस्तशिल्पियों और पारंपरिक कलाकारों की कलाकृतियां प्रदर्शित की जायेंगी. इनमें झारखंड की जनजातीय जादोपटिया एवं सोहराय पेंटिंग, बैद्यनाथ पेंटिंग, मूर्ति कला, भित्तिचित्र एवं टेराकोटा कलाकृतियां शामिल हैं. प्रदर्शनी का उद्घाटन मंजूनाथ भजंत्री, भाप्रसे, उपायुक्त, देवघर करेंगे. इस अवसर पर जादोपटिया चित्रकला शैली की खोज एवं बैद्यनाथ पेंटिंग को प्रकाश में लाने के लिए वरिष्ठ कला समीक्षक डॉ आरके नीरद, देश के लब्ध प्रतिष्ठ वरिष्ठ टेराकोटा हस्तशिल्पी श्री राम कुमार मन्ना (मेदिनापुर), बैद्यनाथ पेंटिंग के सर्जक श्री नरेंद्र पंजियारा, विख्यात मूर्तिकार शशि कुमार पॉल (दिल्ली), समकालीन चित्रकला के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार इंद्राणी आचार्य (कोलकाता) एवं श्री गोपाल नस्तर (कोलकाता) को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जायेगा.

सात दिवसीय प्रदर्शनी के दौरान 'संताल परगना में पर्यटन की संभावना' तथा 'भारतीय साहित्य में चित्रकला एवं मूर्तिकला की अवधारणा' विषय पर परिचर्चा एवं स्कूली बच्चों के लिए अलग-अलग विषयों पर अलग-अलग दिन चित्रांकन प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी. इसकी सुचना ली पोक्यू डी' आर्ट गैलेरिया, नयी दिल्ली के निदेशक कुमार गौरव के द्वारा रिलीज़ के द्वारा मिली .

## ट्रेक्टर असोसिएशन ने खनन पदाधिकारी से बालू घाटो का नीलामी का किया मांग



**देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** बालू की समस्या को लेकर देवघर जिला ट्रेक्टर असोसिएशन के सदस्य बिष्णुकांत झा ने जिला खनन पदाधिकारी संजय कुमार व प्रतिलिपि राज्य सरकार को भेजा है। एसोसिएशन के सदस्य विष्णुकांत झा, शशि कुमार वर्णवाल, सुनील यादव,अनिल पंडित समेत अन्य ने मांग किया है कि बालू उठाव नही होने से सरकारी तथा गेरसरकारी सभी निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी जूस लाभुक को प्रधानमंत्री आवास मिले उन लाभुक को बालू के अभाव में घर बनाने में दिक्कत हो रही है। सभी ने खनन पदाधिकारी व राज्य सरकार से जिला के सभी घाटो को जल्द से जल्द नीलामी की मांग की ताकि बालू को लेकर विकास का काम ना रुके।

# दिसंबर तक मांग पूरी नहीं हुई तो सेविकाएं करेंगी उग्र आंदोलनः बालमुकुंद

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )



**दुमका।** रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय परिसर में झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन की बैठक हुई जिसमें आंदोलन की रणनीति तैयार की। बैठक में वर्कर्स यूनियन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बालमुकुंद सिन्हा ने कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वर्ष 2019 में आंगनबाड़ी सेविका को आश्वासन दिया था कि उनकी सरकार बनने के साथ ही सेविका एवं सहायिका का मानदेय में बढ़ोतरी करते हुए कई प्रकार के लाभ देंगे। राज्य में हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री बनने के दो वर्ष बीत गए लेकिन अभी तक आंगनबाड़ी सेविकाओं को कोई आश्वासन नहीं मिला है। मुख्यमंत्री पारा शिक्षकों के बारे में तो बात करते हैं, लेकिन आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका को दरकिनार किया जा रहा है। यदि दिसंबर तक राज्य सरकार आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका के हित में कोई सकारात्मक पहल नहीं करती है तो राज्य से लेकर दिल्ली तक उग्र आंदोलन किया जाएगा। इसके लिए प्रखंड से लेकर केंद्र तक आंगनबाड़ी सेविका पद यात्रा करते हुए रांची में विशाल धरना प्रदर्शन करेगी। आंगनबाड़ी सेविका अल्प मानदेय में काम कर बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा प्रदान करती है। सरकार अभी तक इन्हें किसी प्रकार का लाभ नहीं देती है।रामगढ़ प्रखंड के यूनियन के प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मी देवी ने कहा कि रामगढ़ प्रखंड के बाल विकास परियोजना कार्यालय में पदस्थापित लिपिक उन लोगों से भ्रष्टाचार करवाती है। विभाग से मिलने वाली हर योजना में उन लोगों से रिश्वत की मांग की जाती है। नहीं देने पर कई तरह के मानसिक प्रताड़ना की जाती है। कार्यालय में पदस्थापित लिपिक अपनी मर्जी से काम करती है।इस दौरान उन्होंने रामगढ़ प्रखंड के कोआम पंचायत अंतर्गत बीचगढ़ा निवासी अजय मुर्मू को दुमका जिला का संयोजक मनोनीत किया गया। बैठक में पलामू जिला के संयोजक महेंद्र प्रजापति, रामगढ़ प्रखंड के यूनियन के अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, सचिव मीना मरांडी, सेविका सुनीता देवी, अनुराधा देवी, सरिता देवी, पानमुनि मरांडी, सुशीला सोरेन, सेवती सोरेन समेत अन्य सेविका मौजूद थी।

## एक सुखद आश्चर्य...



**हाल** ही में पेश हुए आम बजट में तंबाकू उत्पादों को महंगा कर दिया गया है। मकसद है इन उत्पादों से लोग दूरी बनाएं। इन प्रयासों के अच्छे परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। भारत में सिगरेट की खपत में गिरावट आ रही है। इसे एक सुखद संकेत माना जा सकता है। स्वास्थ्य मंत्रालय के हालिया आंकड़ों के मुताबिक देश में 2015-16 में लगभग 10 अरब सिगरेट कम बिके हैं। इस समयावधि के दौरान सिगरेट का उत्पादन 117 अरब से घटकर 105.3 अरब सिगरेट रह गया। बढ़ती नशाखोरी के बीच ये आंकड़े समाज और सरकार दोनों के लिए आशा की नई किरण बन सकते हैं।


### गुपचुप हुई गिरावट

बढ़ती नशाखोरी पूरे देश के लिए एक बड़ी चिंता बनती जा रही है। युवा और किशोर नशे के सर्वाधिक गिरफ्त में दिखते हैं। इस आयु में आधुनिक और अलग दिखने की सहज प्रवृत्ति होती है और नशे का कारोबार करने वाली कंपनियों ने बड़ी चालाकी से नशे को आधुनिक सोच और स्वच्छंद जीवनशैली से जोड़ दिया है। इसके कारण युवाओं में नशाखोरी की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। रही सही कसर अन्य देशों से होने वाली नशे की तस्करी ने पूरी कर दी है। नशे के बढ़ते चलन के बीच अच्छी खबर यह है कि भारत में बीते दो सालों में सिगरेट की खपत में तेजी से कमी आई है। यह खबर एक सुखद आश्चर्य पैदा करती है क्योंकि खपत गिरावट बहुत गुपचुप हुई है।

### यह भी है वजह

संभवतः सरकार द्वारा सिगरेट के पैकेटों पर इसके नुकसानदेह होने की सूचना बड़े रूप में छापे जाने के कारण समाज में जागरूकता पैदा हो रही है। पहले शाब्दिक और छोटे रूप में यह सूचना लिखी जाती थी कि 'धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है' लेकिन अब इस सूचना के साथ कैंसर की स्थिति को दर्शाता एक बड़ा चित्र भी निकोटिन की उपस्थिति वाले उत्पादों पर लगता है। यह चित्र उपभोक्ताओं की मानसिकता पर गहरा प्रभाव छोड़ने में सफल रहा है। आंकड़ों से साफ संकेत मिलता है कि सदाबहार माना जाने वाला सिगरेट का बाजार भारत में मंदी के दौर से गुजर रहा है। कभी सिगरेट के हानिकारक प्रभावों और कंपनियों की रणनीति की तरफ संकेत करते हुए डब्ल्यूएचओ के एक निदेशक ने कहा था कि 'सिगरेट में सिर्फ उतना ही निकोटिन डाला जाता है।

## भगवान शिव ने की थी श्रीगणेश की पूजा



**शास्त्रों** के अनुसार भगवान ब्रह्मदेव ने भविष्यवाणी की थी कि हर युग में श्री गणेश विभिन्न रुपों में अवतरित होंगे। कृतयुग में विनायक, त्रेतायुग में मयूरेश्वर, द्वापरयुग में गजानन एवं धूम्रकेतु नाम से कलयुग में अवतार लेंगे। गणपति जी के आठ प्रमुख मंदिरों में से एक है महागणपति मंदिर जो रांजणगांव में पुणे अहमदनगर राजमार्ग पर 50 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है। इतिहास पर दृष्टिपात करने से ज्ञात होता है की यह मंदिर 9वीं और10वीं सदी के मध्य होंद में आया। शिव जी ने त्रिपुरासुर के साथ युद्ध करने से पूर्व गणेश जी की पूजा की थी तत्पश्चात मंदिर का निर्माण करवाया। तब यह स्थान मणिपुर के नाम से जाना जाता था पर आज इसे लोग रांजणगांव कहते हैं। शिव जी ने दैत्यराज त्रिपुरासुर को गणेश जी के आशीर्वाद से पराजित किया था इसलिए इन्हें त्रिपुरारी महागणपति के रूप में भी पूजा जाता है। इतिहास में हुए हमलों के डर से गणपति जी का वास्तविक स्वरूप मंदिर के एक तहखाने में छिपाया हुआ है। मंदिर में विराजित गणेश जी की प्रतिमा को माहोतक भी कहा जाता है क्योंकि इसकी 10 सूंड और 20 हाथ हैं। गणेश जी की प्रतिमा बैठे आसन में दिखाई देती हैं और उनके ईर्द-गिर्द रिद्धी-सिद्धी की प्रतिमाएं हैं। भव्य प्रवेश द्वार में अलंकृत महागणपति मंदिर पूर्वमुखी है। जय और विजय दो द्वारपाल हैं जिनकी प्रतिमाएं मुख्य द्वार पर अवस्थित हैं। भोर फटते ही सूरज की पहली किरण सीधी प्रतिमा पर पड़ती है। श्री अष्टविनायक गणपति स्वरूपों में महागणपति गणेश जी का सबसे शक्तिशाली प्रतिरूप है।

## भगवान के दिए तोहफे...



विदुर-नीति जितनी उपयोगी महाभारत काल में थी उतनी आज भी है। ऐसा भी कहा जा सकता है की इन नीतियों के अनुसार कुछ ऐसी चीजें हैं जो भगवान का दिया तोहफा होती हैं। जिस व्यक्ति के पास यह होती हैं उससे अधिक सुख और समृद्ध इस धरती पर कोई ओर नहीं हो सकता। जीवन यापन करने के लिए काम की आवश्यकता होती है। जिस व्यक्ति के पास कमाई के पर्याप्त साधन होते हैं। वह ईमानदारी से मेहनत करके अपना और अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकता है। काम के अभाव में जीविका चलाना असंभव है। रोग और शोक व्यक्ति को तन मन से कमजोर बना देते हैं। बार-बार बीमार पड़ने वाले व्यक्ति का धन तो जाता ही है साथ ही उसे अंदर से तोड़ भी देता है। निरोगी काया संसार के तमाम सुखों से बढ़कर है। जिस व्यक्ति की पत्नी मृदुभाषी होती है, वह धरती पर जन्नत का आनंद भोगता है। उसका घर स्वर्ग के समान होता है। देवी सरस्वती के साथ-साथ महालक्ष्मी भी उसके आलय में वास करती हैं। भाग्यवान है वह व्यक्ति जिसकी संतान उसके कहे अनुसार कार्य करती है। अच्छी संतान कुल के नाम में चार चांद लगा देती है, वही बुरी संतान कुल का नाश कर देती है। ज्ञान में ऐसी शक्ति है जो रंक को भी राजा बनाने का सामर्थ्य रखती है। इससे न कोई छीन सकता है न चोरी होने की आशंका रहती है। जीवन में जैसी भी परिस्थितियां आएं, ज्ञान से कुछ भी अर्जित किया जा सकता है। जो पत्नी अपने पति को सच्चे दिल से मान देती है उसे धर्म ग्रंथों में पतिव्रता कहा जाता है। वह पत्नी अपने पति के मन भाती है जो पति की भावनाओं का सम्मान करती है और अपने घर की सभी जिम्मेदारियों को पूरा करती है।



# जीवन का जरूरी तत्व क्षमा...

भूल करना मानव की स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है; हम सभी भूल करते हैं, लेकिन उन्हें दोहराने का कोई औचित्य नहीं हो सकता। हमें अपनी भूल का अहसास हो गया है यह दिखाने की केवल दो विधियां हैं। पहली विधि है कि भूल को न दोहराएं और दूसरी एक सच्ची क्षमा याचना द्वारा। सही ढंग से क्षमा मांगना कोई विशेष कला या ज्ञान नहीं। यह तो केवल इस पर निर्भर है कि आप स्पष्ट रूप से सत्य बोल पाते हैं कि नहीं। जब हमें वास्तव में अपने कार्य पर पछतावा होता है, तो सही शब्द स्वतः ही बाहर आने लगते हैं और क्षमा मांगना अत्यंत सरल हो जाता है।

क्षमा याचना विश्वास की एक पुनःस्थापन है। इसके द्वारा आप यह कह रहे हैं कि मैं ने एक बार आपका विश्वास तोड़ा है किंतु अब आप मुझ पर भरोसा कर सकते हैं और मैं ऐसा फिर कभी नहीं होने दूंगा। जब हम एक भूल करते हैं, तो दूसरे व्यक्ति के विश्वास को झटका लगता है। अधिकतर सकारात्मक भावनाओं की नींव विश्वास ही होती है। उदाहरणार्थ जब आप किसी से प्रेम करते हैं, तो आप उन पर विश्वास करते हैं कि वे वास्तव में वैसे ही हैं जैसा वे स्वयं को दर्शाते हैं किंतु जब वे उसके विपरीत कार्य करते हैं, तो आप का विश्वास टूट जाता है। इस विश्वासघात से आप को बहुत कष्ट होता है और यह दूसरे व्यक्ति के प्रति आप की भावनाओं को भी प्रभावित करता है। यदि आप अपराध को दोहराने का विचार कर रहें हैं, तो ऐसी क्षमा याचना विश्वसनीय नहीं है। उदाहरणार्थ एक टूटे हुए घड़े को ले लीजिए। यदि आप सावधानी और सबूरी से प्रयत्न करें तो संभवतः एक बार उसे जोड़ सकते हैं किंतु उसे फिर से तोड़ने पर उसे जोड़ना अधिक कठिन या लगभग असंभव हो जाता है। इसी प्रकार यदि आप किसी के विश्वास को तोड़ते हैं संभवतः वह आपको एक बार क्षमा कर सकते हैं, लेकिन यदि आप ऐसा फिर से करते हैं तो आप उनसे क्षमा की आशा नहीं कर सकते। इसलिए, एक निष्ठाहीन क्षमा याचना सम्पूर्ण रूप से व्यर्थ है।

### निष्कपट क्षमा याचना

क्षमा याचना विश्वसनीय तभी होती है जब आप यह ठान लें कि आप अपने अपराध को दोहराएंगे नहीं और जब आप कोई बहाना या औचित्य नहीं देते हैं। आप अपने कार्य का पूरा उत्तरदायित्व लेते हैं और सच्चे दिल से आप क्षमा मांगते हैं। पश्चाताप की भावना से रहित क्षमा याचना व्यर्थ है। वास्तव में, इससे दूसरे व्यक्ति को और अधिक कष्ट होगा। अक्सर लोग कहते हैं, मुझे क्षमा करें परंतु मैंने ऐसा सोच कर यह काम किया था या मुझे क्षमा करें परंतु मैं ने यह कार्य इस कारण किया था या मुझे क्षमा करें यदि मेरे कारण आप को कोई चोट पहुंची हो। यह क्षमायाचना नहीं केवल बहाना है। एक सच्ची क्षमा याचना में यदि और परंतु जैसे शब्दों का कोई स्थान नहीं होता। यह कहना कि आपने ऐसा क्यों किया इसका भी कोई अर्थ नहीं। सर्वश्रेष्ठ क्षमा याचना वह है जहां आप यह पूर्ण रूप से समझें, महसूस करें तथा स्वीकार करें कि आपके कार्यों ने अन्य व्यक्ति को ठेस पहुंचाई है। एक कारण या औचित्य दे कर अपनी क्षमा याचना को दूषित न करें। यदि आप सच्चे दिल से क्षमा नहीं मांगते हैं तो आप अपनी क्षमा प्रार्थना का नाश कर रहे हैं। इससे दूसरे व्यक्ति को और अधिक कष्ट होगा। आप एक क्षमा याचना अथवा एक बहाने में से केवल एक को ही चुन सकते हैं, दोनों को नहीं। एक सच्ची एवं निष्कपट क्षमा याचना वह होती है जिसमें आप अपने अपराध को पूर्ण रूप से स्वीकार करते हैं।

### क्षमा मांगना क्यों जरूरी

भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को किसी ने पत्थर का बना सुंदर पेन भेंट किया। उनका उस पेन से बहुत लगाव हो गया था। वे अपना लेखन कार्य उसी पेन से करते थे। काम खत्म होने के बाद स्वयं उसे संभाल कर मेज पर रख देते थे। एक दिन उनके ऑफिस का सेवक उनकी मेज की सफाई कर रहा था। सफाई करते समय अचानक उससे वह पेन नीचे गिर गया और टूट गया। स्याही के कुछ छींटे कमरे में बिछे कालीन और महामहिम राष्ट्रपति के कपड़ों पर जा गिरे। राष्ट्रपति को उसकी लापरवाही पर क्रोध आ गया और उसको डांटते हुए उसे काम से हटा कर दूसरी जगह भेज दिया। सेवक चला तो गया, किन्तु डॉ. राजेन्द्र प्रसाद बैचैन हो उठे। अंदर ही अंदर उनका मन उन्हें बुरा-भला कहने लगा। वे उदास हो गए। इसी बीच कई मिलने वाले लोग आए, किन्तु उनकी उदासी दूर नहीं हुई। उन्हें अपने सेवक से बुरा भला कहने पर बड़ी ग्लानी हो रही थी। सेवक से अनजाने में हुई गलती पर उसे डांटना उन्हें उचित नहीं लगा। वे उससे क्षमा मांगना चाहते थे। दूसरे दिन उन्होंने सेवक को बुलाया और उससे क्षमा याचना करने लगे। भारत का राष्ट्रपति एक सेवक से क्षमा मांगे, यह देखकर सेवक श्रद्धा से उनके चरणों में झुक गया। उनकी आंखे भर आई। उन्होंने उसी दिन उस सेवक को फिर से कार्य पर रख लिया। जिंदगी में हम लोग भी कई बार छोटी-छोटी बातो पर गुस्सा हो जाते है और दुसरे की थोड़ी सी गलती करने पर उससे उलझने लगते है और क्रोधित हो जाते हैं पर क्या ऐसा करना उचित है। सत्य तो यह है की क्रोध हमेशा ही हमारा स्वयं का ही नुकसान करता है और इससे समस्या का समाधान नहीं निकलता है। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जीवन की यह कहानी हमें सीख दे जाती है की एक उच्च चरित्र का आदमी स्वयं की गलती होने पर माफी मांगने से भी नहीं कतराता। इसलिए अपने जीवन में कभी भी छोटी-छोटी बातो को लेकर गुस्सा न करे और जीवन को प्रसन्नता से जिएं।

### क्षमा मांगना और क्षमा करना

बिना शर्त पूर्णरूप से क्षमायाचना करें और क्षमा भी करें। लाभ-हानि या किसी निहित स्वार्थ से ऊपर उठकर क्षमा मांगने और क्षमा देने से क्षमा निष्काम कर्म की कोटि में आ जाती है और निष्काम कर्म सबसे उत्तम माना गया है। जो लोग न क्षमा मांगना जानते हैं और क्षमा करना नहीं तो वे अपने लिए इस धरती पर ही नरक की सृष्टि कर लेते हैं। क्षमाशील व्यक्तित ही इस धरती पर स्वर्ग की सृष्टि कर जीतेजी स्वर्ग भोगते हैं। क्षमा कब करें? यदि कोई व्यक्ति क्षमा मांगता है, तो क्षमा न करना अपराध जैसी स्थिति हो जाती है। क्षमा मांगने पर मांगने वाला अपनी गलती को स्वीकार कर अपराधबोध से मुक्त हो जाता है, लेकिन क्षमा न करने वाला उसकी पीड़ा से सुलगता रहता है। अतः किसी के क्षमा मांगने पर क्षमा कर देना उसके स्वयं के लिए एक उपयोगी क्षण है। कोई अपनी गलती के लिए क्षमा न मांगे तो भी क्या उसे क्षमा किया जा सकता है? यह क्षमा करने वाले पर निर्भर है, पर क्षमा न करने पर क्षमा न करने वाला भी तो भुगतेगा। क्षमा मांगने पर भी और क्षमा न मांगने पर भी। बस थोड़ी सूझबूझ की जरूरत है। दूसरा क्षमा मांगे या न मांगे आप तो किसी भी तरह उसे क्षमा कर घातक मनोभावों से मुक्त हो जाइए। आप क्यों दूसरे की गलती का बोझ अपने मन में ढो रहे हैं? क्षमा न मांगने पर भी किसी को सही तरीके से उसकी गलती का एहसास कराकर क्षमा कर देने से गलती के शीघ्र परिष्कार की अपेक्षा की जा सकती है। क्षमा करना दूसरे को सुधरने का अवसर प्रदान करना ही है, अतः यह अनिवार्य भी है। अधूरी या आंशिक क्षमा का भी कोई अर्थ नहीं। भगवान महावीर इसलिए बाहुबली कहलाए, क्योंकि उन्होंने क्षमा को जीवन का अनिवार्य तत्व स्वीकार कर अपनाया। उनके बतलाए हुए मार्ग को धर्म कहा गया, क्योंकि इसमें क्षमा की प्रधानता थी। सम्राट अशोक इसलिए महान नहीं कहलाए कि उन्होंने कलिंग युद्ध में विजय प्राप्त की, अपितु ऐसे धर्म की शरण में चले गए जिसमें क्षमा की प्रधानता थी। ईसा मसीह ने उन लोगों को भी क्षमा कर दिया, जिन्होंने ईसा मसीह को सूली पर टांग दिया और ईसा मसीह प्रभु बन गए। उनके द्वारा दिखलाया गया मार्ग एक नया धर्म बन गया। क्षमा के अभाव में न कोई व्यक्ति वीर है और न कोई धर्म पूर्ण है। शत्रु और मित्र शब्दों का अस्तित्व वास्तव में 'क्षमा' के अभाव में ही है। जहां क्षमा है, वहां शत्रुता अथवा द्वेष का क्या काम?

## वैर बिन, ये चार दिन

वैर मनुष्य के मन रूपी सरोवर में रहने वाली एक ऐसी गंदी मछली है जो सारे सरोवर को गंदा कर देती है। अगर हमारे मन में वैर, कपट, कलह और कटुता है, प्रतिशोध की भावना है तो हमने अपने मन के सरोवर में गंदी मछली को जन्म दे दिया है। जब तक यह गंदी मछली रहेगी हम अपने जीवन में दुर्गंध से भरे रहेंगे। वैर से वैर मिटता नहीं है। हम अपने विरोधी को भी प्रेम दें, उसके प्रति भी दोस्ती के भाव रखें, निंदा करने वाले व्यक्ति की भी प्रशंसा करें तो हम पाएंगे कि एक दिन वे हमारे साथ हो जाएंगे। जिसके मन में कठोरता, कटुता, कलह और संघर्ष की भावना रहती है उसके चित्त में कभी किसी के प्रति प्रेम नहीं होता। उसके प्रेम के सरोवर का पानी सूख जाता है और उसमें दरारें पड़ जाती हैं। स्नेह की कमी से मेलजोल में कटौती होती है। वह स्वयं तो दुखी रहता ही है किंतु अपनी उपस्थिति से आसपास के लोगों को भी दुखी करता है। अपने क्रोध और अहंकार से स्वयं को तो दंडित करता ही है, दूसरों को भी दंडित करने की सोचता रहता है। इतिहास में खून की जो नदियां बहती रही हैं, उनका एकमात्र कारण प्रतिशोध और बदले की भावना रही है। चिरकाल तक मनुष्य के मन में प्रतिशोध की भावना लहराती है। एक बार हम अपने मन को टटोलें, किसी धार्मिक ग्रन्थ की तरह ईमानदारी से अपने मन को पढ़ें। अपनी विचारस्थिति को पढ़े कि कहीं उसके भीतर कोई वैर तो नहीं है। चार दिन की छोटी-सी जिंदगी में दो दिन तो बीत गए और शेष दो दिन भी बीत जाएंगे - फिर किस बात का वैर-विरोध! छोटी-छोटी बातों की गांठें न बांधें। जैसे गन्ने की गांठ में एक बूंद भी रस नहीं होता वैसे ही जिस आदमी के मन में गांठें बन जाती हैं, उसका जीवन भी नीरस हो जाता है।


### प्रेम प्रभावी हो ...



औरों के वचनों से मन को प्रभावित न करें, औरों की टिप्पणी से मन को कुंठित न करें, अपने मन को विचलित न करें। बुद्ध किसी गांव से जा रहे थे। गांव के लोगों ने उनकी बहुत निंदा की, अपशब्द कहे। गांव वाले जितना बुरा बोल सकते थे, बोले। जब वे चुप हो गए तो बुद्ध ने कहा - क्या अब मैं अगले गांव चला जाऊं? लोग दंग रह गये कि हमने इन्हें इतना भला-बुरा कहा और ये जरा भी प्रभावित नहीं हुए बल्कि मधुर मुस्कान से पूछ रहे हैं कि क्या मैं अगले गांव चला जाऊं? लोगों ने पूछा, हमारी गालियों का क्या हुआ? बुद्ध ने कहा - मैं जब पिछले गांव में था तो लोग मेरे पास मिठाइयां लेकर आए थे। उन्होंने मुझे मिठाइयां देने की बहुत कोशिश की और तरह-तरह के प्रयास भी किए लेकिन मैंने किसी की मिठाई स्वीकार नहीं की। आप मुझे बताएं कि वे मिठाइयां फिर किसके पास रहीं? लोगों ने कहा- यह तो बच्चा भी बता देगा कि मिठाइयां उन्हीं के पास रहीं। बुद्ध ने कहा- तुम्हारी बात तुम्हें मुबारक! पीछे के गांव वालों ने मिठाइयां दी, मैंने वे नहीं लीं अतः वे उन्हीं के पास रहीं, वैसे ही आप लोगों ने मुझे गालियां दीं और मैंने नहीं लीं तो आप लोगों की चीज आप ही के पास रह गई। जिनके मन में प्रेम और शांति का निर्झर बहा करता है वे ही लोग अप्रियता, कलह, कटुता और विरोध का वातावरण बनने पर भी उसे प्रेम और क्षमा में ढाल लिया करते हैं।

### हर हाल में खुश रहो

प्रसन्न रहो, हर हाल में खुश रहो। प्रसन्नता आपके सौंदर्य को द्विगुणित करती है। आप प्रेम में, वात्सल्य में जीकर तो देखें। जितने आप जवानी में सुंदर हैं उससे भी अधिक बुढ़ापे में सुंदर दिखाई देंगे। क्या आपने गांधीजी का जवानी और बुढ़ापे का चित्र देखा है? तीस वर्ष की आयु में वे जैसे दिखते थे, सत्तर वर्ष की आयु में उससे कहीं अधिक सुंदर दिखने लगे थे। जैसे-जैसे व्यक्ति के विचार सुंदर होते जाते हैं उसका भीतरी सौंदर्य चेहरे पर प्रकट होने लगता है। आपने महर्षि अरविंद का वृद्धावस्था का चित्र देखा है? उनके चेहरे का ओज, तेज और सौंदर्य कितना अधिक आकर्षक था? बुढ़ापे में उसी का चेहरा बदसूरत होता है जिसके विचार सुंदर नहीं होते। जिसकी विचारदशा सुंदर होती है, वह जैसे-जैसे बूढ़ा होता है, उसके चेहरे पर सौन्दर्य छलछलाने लगता है। किसी के कल्याण के लिए अपनी ओर से जो कुछ भी हो सके, कर दो। अगर नहीं कर सको तो सहज रहो, अपने मन को हमेशा निर्मल रखो। वैर-विरोध और प्रतिशोध उसी को अच्छे लगते हैं जिसने अभी तक प्रेम और क्षमा का स्वाद नहीं चखा है। दुनिया में दो कठिन कार्य हैं- किसी से क्षमा मांगना या किसी को क्षमा करना। परन्तु ये दोनों ही कार्य आपको अनेक कठिनाईयों से मुक्ति दिलाते हैं। शुरू-शुरू में माफी मांगना हमें जहर पीने के समान लगता है परन्तु परिणाम में अमृत हो जाता है। क्षमा मांगना यदि प्रायश्चित का सुंदर व अच्छा रूप है तो क्षमा करना बड़प्पन का प्रतीक। इसमें आप न केवल मन की उलझन से मुक्त होंगे अपितु अपनी शक्ति और शांति में बढ़ोतरी करने में भी सफल हो जाएंगे।



# हस्ताक्षर व्यक्तित्व का आईना...

**हस्ताक्षर** व्यक्ति के व्यक्तित्व का सम्पूर्ण आइना है। व्यक्ति के हस्ताक्षर में उसके व्यक्तित्व की सभी बातें पूर्ण रूप से दिखाई देती हैं। हस्ताक्षर या लिखावट से हमारा सीधा संबंध मानसिक विचारों से होता है यानी हम जो सोचते हैं करते हैं जो व्यवहार में लाते हैं वह सब अवचेतन रूप में कागज पर अपनी लिखावट व हस्ताक्षर के द्वारा प्रदर्शित कर देते हैं। यहां यह जानना भी जरूरी है कि हस्ताक्षर के अध्ययन से व्यक्ति अपने भविष्य व व्यक्तित्व के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है और हस्ताक्षर में दिखाई देने वाली कमियों को दूर करते हुए अपने हस्ताक्षर के साथ-साथ अपना भविष्य व व्यक्तित्व भी बदल सकता है।

### पहला अक्षर बड़ा

जो व्यक्ति अपने हस्ताक्षर का पहला शब्द काफी बड़ा रखता है, वह व्यक्ति उतना ही विलक्षण प्रतिभा का धनी, समाज में काफी लोकप्रिय व उच्च पद प्राप्त करने वाला होता है। हस्ताक्षर में पहला शब्द बड़ा व बाकी के शब्द सुंदर व छोटे आकार में होते हैं ऐसा व्यक्ति धीरे-धीरे उच्च पद प्राप्त करते हुए सर्वोच्च स्थान पाता है। ऐसा व्यक्ति जीवन में पैसा बहुत कमाता है। कई भवनों का मालिक बनता है व समाज में काफी लोकप्रिय होता है किन्तु संकोची स्वभाव का उत्तम श्रेणी का विद्वान भी होता है। वह अपने कुल का नाम काफी ऊंचा करता है।



### अस्पष्ट हस्ताक्षर

जो व्यक्ति अपने हस्ताक्षर इस प्रकार से लिखता है, जो काफी अस्पष्ट होते हैं तथा जल्दी-जल्दी लिखे गए होते हैं वह व्यक्ति जीवन को सामान्य रूप से नहीं जी पाता, हर समय ऊंचाई पर पहुंचने की ललक लिए रहता है। इस प्रकार का व्यक्ति राजनीतिज्ञ, अपराधी, कूटनीतिज्ञ या बहुत बड़ा व्यापारी बनता है। जीवन आपाधापी में व्यतीत करने के कारण वह समाज से कटने लगता है तथा लोगों की उपेक्षा का शिकार भी बनता है। वह व्यक्तिगत रूप से पूर्ण सम्पन्न तथा इनका वैवाहिक जीवन कम सामान्य रहता है। वह धोखा दे सकता है, परंतु धोखा खा नहीं सकता है। यह इसकी विशेषता है।

### काफी छोटे हस्ताक्षर

जो व्यक्ति हस्ताक्षर काफी छोटे व शब्दों को तोड़-मरोड़ कर उनके साथ खिलवाड़ करता है जिसके फलस्वरूप हस्ताक्षर बिल्कुल पढ़ने में नहीं आता है वह व्यक्ति बहुत ही चालाक होता है। अपने फायदे के लिए किसी का भी नुकसान करने व नुकसान पहुंचाने से नहीं चूकता। पैसा, धन भी गलत रास्ते से कमाता है। ऐसा व्यक्ति राजनीति एवं अपराध के क्षेत्र में काफी नाम कमाता है।

### हस्ताक्षर के नीचे दो लाइनें

जो व्यक्ति अपने हस्ताक्षर के नीचे दो लाइनें खींचता है, वह व्यक्ति भावुक होता है। पूरी शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाता, मानसिक रूप से थोड़ा कमजोर होता है। इसके जीवन में असुरक्षा की भावना रहती है। जो व्यक्ति अपने हस्ताक्षर के शब्दों को काफी घुमाकर, सजाकर प्रदर्शित करके करता है वह व्यक्ति किसी न किसी हुनर का मालिक अवश्य होता है यानी कलाकार, गायक, पेंटर, व्यंग्यकार आदि। ऐसे व्यक्तियों का समय जीवन के उत्तरार्द्ध में अच्छा होता है।

### हस्ताक्षर के नीचे एक बिंदू

जो व्यक्ति अपने हस्ताक्षर में नाम का पहला अक्षर सांकेतिक रूप से तथा उपनाम पूरा लिखता है तथा हस्ताक्षर के नीचे बिंदू लगाता है, ऐसा व्यक्ति भाग्य का धनी होता है। मृदुभाषी, व्यवहार कुशल, समाज में पूर्ण सम्मान प्राप्त करता है। ईश्वरवादी होने के कारण इन्हें किसी भी प्रकार की लालसा नहीं सताती, इसके फलस्वरूप जो भी चाहता है स्वतः ही प्राप्त हो जाता है। वैवाहिक जीवन सुखी व संतानों से भी सुख प्राप्त होता है।

### हस्ताक्षर के नीचे दो बिंदू

अपने हस्ताक्षर के अंतिम शब्द के नीचे दो बिंदू रखने वाला व्यक्ति विलक्षण प्रतिभा का धनी होता है। ऐसा व्यक्ति जिस क्षेत्र में जाता है काफी प्रसिद्धि प्राप्त करता है और ऐसे व्यक्ति से बड़े-बड़े लोग सहयोग लेने को उत्सुक रहते हैं। जो व्यक्ति अपने हस्ताक्षर स्पष्ट लिखते हैं तथा हस्ताक्षर के अंतिम शब्द की लाइन या मात्रा को इस प्रकार खींच देते हैं जो ऊपर की तरफ जाती हुई दिखाई देती है, ऐसे व्यक्ति शिक्षक , विद्वान, बहुत ही तेज दिमाग के होते हैं। ऐसे व्यक्ति दिल के बहुत साफ होते हैं, हरेक के साथ सहयोग करने के लिए तैयार रहते हैं। मिलनसार, मृदुभाषी, समाजसेवक, परोपकारी होते हैं। वे कभी किसी का बुरा नहीं सोचते, सामने वाला व्यक्ति कैसा भी क्यों न हो, हमेशा उसे सम्मान देते हैं। सर्वगुण सम्पन्न होने के बावजूद काफी पैसा व पूर्ण सम्मान प्राप्त होता है।

# यह है अलग तरह का म्यूजिक...

**ईडीएम** यानी इलेक्ट्रॉनिक डांस म्यूजिक एक अलग तरह का म्यूजिक है जो सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक इंस्ट्रूमेंट के जरिए तैयार किया जाता है। ज्यादातर यह सिर्फ कंप्यूटर म्यूजिक सॉफ्टवेयर की मदद से ही संचालित किया जाता है। मौजूदा दौर में आउटडोर क्लबों में होने वाले आयोजन में यही म्यूजिक चलन में आता है।

लोगों की अभी यही धारणा है कि भारत में ईडीएम का प्रवेश अभी-अभी हुआ है। लेकिन हकीकत यह है कि संगीत की यह विधा बड़ी तेजी से आगे बढ़ रही है और भारत इस मायने में कहीं भी पीछे नहीं है। दुनिया के करीब 250 से ज्यादा विदेशी कलाकार वर्षभर में भारत का दौरा करते हैं। इस क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले जर्मन मूल के अमेरिकन संगीत निर्माता मार्कुस शुल्ज ने कुछ समय पहले मुंबई, हैदराबाद, दिल्ली और पुणे में अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए थे। तब उन्होंने कहा था भले ही मौजूदा दौर में बहुत ज्यादा क्लब नहीं हैं, लेकिन जिस तरह लोगों की रुचि इसमें बढ़ रही है उससे आयोजनों की भव्यता और बढ़ेगी। इलेक्ट्रॉनिक डांस म्यूजिक की बढ़ती लोकप्रियता ने बॉलीवुड संगीत सितारों को भी हिलाकर रख दिया है। इसका असर अब सिर्फ बड़े शहरों तक नहीं रहा बल्कि अहमदाबाद, गुड़गांव, इंदौर, लखनऊ जैसे शहरों में भी देखने को मिल रहा है। यही वजह है कि बॉलीवुड सितारे भी अपने लाइव शो में ईडीएम को शामिल करने लगे हैं।

कुछ समय पहले इंदौर में पाकिस्तानी कलाकार आतिफ असलम ने डीजे चेतस के साथ मिलकर अपने छह हजार से ज्यादा प्रशंसकों के लिए ईडीएम की प्रस्तुति दी थी। एक ओर दिन रात इस तरह के म्यूजिक को चाहने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। उन्हें संगीत का एक नया बेहतरीन अनुभव भी मिल रहा, वहीं इस म्यूजिक को जीतोड़ कर चाहने के कारण कुछ अपवाद वाली स्थितियां भी सामने आ रही हैं। मसलन, इस तरह के आयोजनों में पश्चिमी रंग ज्यादा होता है और इसमें पात्रता 18 वर्ष से ज्यादा उम्र के युवाओं की रहती है। तो इस तरह के आयोजन में ग्लैमर, ड्रग्स और कुछ ज्यादा ही छूट मिलती है। पिछले साल गोवा में ऐसे ही एक डीजे की मौत ड्रग्स की ज्यादा मात्रा लेने से हो गई थी। गुड़गांव में अमेरिकन युवा लेडी आर्टिस्ट की मृत्यु भी ईडीएम में होने वाले तेज आवाज के शोर से हो गई थी। दिल्ली की फैशन डिजाइनर आंचल अरोड़ा की भी मौत ईडीएम आयोजन में दम घुटने से हो गई थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से संचालित, संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार (फोन नं. 9955599136) RNI Title Ref no-1370296, RNI Print Code No -2019096529